# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026






# प्रदेश के नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य के नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद में एल्डरमैन की नियुक्ति की है। रायपुर और सरगुजा संभाग में आने वाले नगरीय निकायों में नियुक्त एल्डरमैन का नाम जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार ये नियुक्तियां छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई हैं। मनोनीत पार्षदों को तत्काल प्रभाव से संबंधित नगरीय निकायों में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नगरीय निकाय में एल्डरमैन

रायपुर संभाग के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के लिए 11 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। इनमें रामकिंकर सिंह, विनय ओझा, मनीष करडभुजे, मित्रसेन धीमान, राजू राघवानी, गोपाल सोना, बी श्रीनिवास राव, अनिल सोनकर, गोपी साहू, विक्रम सिंह ठाकुर, ऋषि साहू के नाम शामिल हैं। **नगर पंचायत माना कैंप**: खोकन कुंडू, अपर्णा भट्टाचार्य, मीता बाली डाली **नगर पंचायत तिल्दा**: आरती गिलहरे, पवन कुमार अग्रवाल, अनिल नायक, सुधा चौबे, सुरेश कुमार लखवानी। **नगर पालिका गोबरा नवापारा**: कन्हैया साहू, नवल किशोर साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, मुकुंद मेश्राम, गुलाब राय । **नगर पालिका आरंग**: आनंद मुर्ति अग्रवाल, आशा वैष्णव, शंकर लाल जलक्षत्री, निर्मला साहू, सतीश सोनकर। **नगर पंचायत मंदिर हसौद**: रामजह वर्मा, कुमार सोनी, मीना यादव, विजय पटेल, सुतेंद्र सिंह। **नगर पालिका अभनुपर**: वेद प्रकाश ठाकुर, संतोष सिंहा, दिलीप अग्रवाल, भारती शिंदे, हेमंत तारक। **नगर पंचायत खरोरा**: निर्मला देवांगन, भोलाराम यादव, गुरजीत कौर भाटिया। **नगर पंचायत कुंश**: सुधीर कुमार दुबे, अंजली गुप्ता, मुकेश सिन्हा। **नगर पंचायत समोदा**: राजा राम साहू, रोशन लाल साहू, खिलावन निषाद। **नगर पंचायत चंदखुरी**: संतोष साहू, कुंभकरण यादव, विजय शर्मा। **नगर पालिका गरियाबंद**: सरला उइके, सेवक निषाद, गुलेश्वरी ठाकुर, रितेश यादव, योगेन्द्र सिन्हा। **नगर.पालिका राजिम**: रामजीवन साहू, मधुनत्थानी, राधेश्याम सोनी, दीनदयाल सोनकर, कपिल धीवर। **नगर पंचायत फिंगेश्वर**: संतोषी श्रीवास्तव, सीमा ठाकुर, गेंदराम मांडले। **नगर पंचायत छुरा**: धर्मेन्द चंद्राकर, सफर सचदेव, तुलाराम साहू, । **नगर पंचायत कोपरा**: झाड़ूराम तारक, दिलीप वर्मा, झामन साहू। **नगर पंचायत देवभोग**: अमितेश अवस्थी, देवनाथ यादव, गंगाराम पाड़े। **गनर पालिका महासमुंद**: हनिष बग्गा, प्रभा साहू, मधु यादव, लालविजय प्रताप सिंहदेव, मोहन साहू **नगरपालिका बागबहरा**: दुलारी चंद्राकर, सोहन साहू, मोतीलाल पुजारा, सुरेश महंती, दुर्गा वस्त्रकार,। **नगर पालिका सरायपाली**: डॉ. संकीर्तन प्रधान, घांसी विश्वकर्मा, रविन्द्र पण्डा, मोहन शर्मा, मनोज आदित्य। **नगर पंचायत पिथौरा**: सतप्रीत सलूजा, किशोर पटेल, नरेश सिंघल। **नगर पंचायत बसना**: मुरारी अग्रवाल, जितेंद कश्यप, विकास वाधवा। **नगर पंचायत तुमगांव**: चैनुराम साहू, डोमार पटेल, विष्णु धीवर, नगर पालिका निगम धमतरीः अशोक सिन्हा, प्राची सोनी, रितिका यादव, अरविंदर मुंडी, सीमा चौबे, दिलीप पटेल, विजय सिंह ठाकुर भागवत यादव। **नगर पालिका कुरुद**: चंदरकुमार चंद्राकर (नंदू), खिलेश्वर देवांगन, खिलावन यादव, भानू चन्द्राकर, महावीर साहू। **नगर पंचायत मगरलोड**: दिनेश कुमार अग्रवाल,राजेश कुमार साहू, शांति देवांगन। **नगर पंचायत नगरी**: प्रतिमा देवांगन, दुर्गा शंकर प्रजापति, गौरव तिवारी, **नगर पंचायत भखारा**: संतोष साहू, किशोर सिंह गौर,दिनु निर्मलकर। **नगर पंचायत आमदी**: आसरूराम साहू, जागेश्वर साहु, किशोर कुंभकार। **नगर पालिका बलौदाबाजार**: ताराचंद कन्नौजे, दिनेश वर्मा, तारा परवानी, नीलम सोनी, अनामिका अग्रवाल। **नगर पालिका भाटापारा**: राजकुमार कामनानी, डॉ. संतोष वर्मा, रूपेश तिवारी, डॉ. मोहन बांधे, मधु सोनी। **नगर पालिका सिमगा**: अभिजीत अवस्थी, परस पाटकर, रूखमणी साहू, प्रशांत देवांगन, राजेश सिंग। नगर पंचायत कसडोलः गोटीलाल साहू, राजेन्द्र श्रीवास, शीला वर्मा। **नगर पंचायत पलारी**: नेतरजंन निर्मलकर, नूतन सेन, मजूं यादव। **नगर पंचायत टुण्डरा**: दामोदर कर्ष, ईश्वर रात्रे, लक्ष्मी प्रसाद धीवर। **नगर पंचायत लवन**: दिलीप बंदे, गायेश्वर प्रसाद साहू, चुड़ामणी सिंघम नगर पंचायत रोहांसीः नोहर मारकण्डे, जगतराम सेन, खिलेश्वरी साहू।

### रायपुर से लेकर सरगुजा संभाग तक निकायों में नियुक्ति

जारी सूची में रायपुर संभाग के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के साथ-साथ माना कैंप, तिल्दा-नेवरा, गोबरा नवापारा, आरंग, मंदिर हसौद, अभनपुर, खरोरा, कुनरा, समोदा और चंदखुरी जैसे नगरीय निकाय शामिल हैं। इसके अलावा गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी तथा बलौदाबाजार-भाटापारा जिलों के विभिन्न निकायों में भी नए एल्डरमैन नामित किए गए हैं। वहीं सरगुजा संभाग में अंबिकापुर नगर पालिक निगम सहित बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के नगरीय निकायों में भी मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति की गई है।

एसी-कूलरों की बढ़ती संख्या और ई-वाहनों के कारण लगातार बढ़ रही खपत

# राजधानी में बिजली उपभोक्ता पांच लाख के करीब, खपत 500 मेगावाट के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


**प्रदेशभर में लगातार बिजली के उपभोक्ताओं में इजाफा हो रहा है। इसी के साथ खपत भी लगातार बढ़ रही है। एक साल में जहां प्रदेशभर में बिजली के डेढ़ लाख से ज्यादा उपभोक्ता बढ़े हैं, वहीं राजधानी रायपुर में भी उपभोक्ताओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। राजधानी में हर साल करीब 20 हजार बिजली उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। तीन साल में जहां 60 हजार उपभोक्ता बढ़े हैं। इस समय बिजली के उपभोक्ता पांच लाख के करीब पहुंच गए हैं, वहीं बिजली की खपत अब 500 मेगावाट के पार हो गई है। अगर उद्योगों की खपत को भी मिला दिया जाए तो अकेले रायपुर में रोज हजार मेगावाट से ज्यादा की खपत होती है।**

खास खबर

राजधानी में आबादी में इजाफा होने के साथ ही यहां पर घरों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। यही वजह है कि यहां पर हर साल बिजली के उपभोक्ता भी बढ़ रहे हैं। बिजली के उपभोक्ता बढ़ने का असर बिजली की खपत पर पड़ रहा है। यही नहीं जो गरीब वर्ग पहले पंखों का उपयोग करते थे, वो कूलर चला रहे हैं और जिन सामान्य वर्ग के घरों में कूलर चलते थे, वो अब एसी चला रहे हैं। अब तो एक ही घर में तीन से चार ऐसी सामान्य बात है। बड़े घरों में एक दर्जन से भी ज्यादा एसी चलते हैं। बड़े घरों में हर कमरे में ऐसी रहते हैं। इसी तरह से सरकारी से निजी दफ्तरों में भी हर कमरे में एसी आम बात है। इसके कारण खपत में भारी इजाफा हो रहा है।

### उद्योगों में 500 मेगावाट से ज्यादा खपत

एक तरफ जहां आम उपभोक्ताओं की खपत पहली बार पांच सौ मेगावाट के पार हो गई है, वहीं राजधानी के उरला, सिलतरा के उद्योगों के साथ ही राजधानी में चल रहे उद्योगों में भी रोज की बिजली की खपत 500 मेगावाट से ज्यादा है। ऐसे में राजधानी में रोज की बिजली की खपत हजार मेगावाट से ज्यादा है। यह खपत प्रदेश में होने वाली रोज की खपत का करीब 20 प्रतिशत है।




**तीन साल में ऐसे बढ़े उपभोक्ता**: राजधानी रायपुर में बीते तीन साल में करीब 60 हजार उपभोक्ता बढ़े हैं। अप्रैल 2023 में राजधानी में सवा चार लाख उपभोक्ता थे, ये 2024 में बढ़कर चार लाख 40 हजार हो गए। 2025 में उपभोक्ताओं की संख्या चार लाख 64 हजार हुई और इस साल यह संख्या चार लाख 84 हजार हो गई है।

### खपत का ऐसे बढ़ा ग्राफ

उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा होने के कारण खपत का ग्राफ भी लगातार बढ़ा है। जहां 2023 में राजधानी में बिजली की खपत 439 मेगावाट थी, वहीं 2024 में यह खपत 463 मेगावाट, 2025 में 481 मेगावाट और इस साल खपत पांच सौ मेगावाट के पार हो गई है। खपत में इजाफा होने का कारण एक तरफ जहां उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा है, वहीं ई-वाहनों के कारण भी बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। अकेले राजधानी रायपुर में 20 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा हैं। इनको घरेलू कनेक्शन में चार्ज किया जाता है। इसी के साथ थोक में ई-कारें, कमर्शियल वाहन और भारी संख्या में दुपहिया ई-वाहन भी हैं।

जन्मदिन पर उपहार देने आंख बंद कराई और पत्थर से कुचल दिया

# शादी के लिए दबाब बनाने पर नाबालिग प्रेमी ने कर दी बालिग प्रेमिका की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शादी के लिए दबाव बनाने से परेशान युवक ने अपनी प्रेमिका के जन्मदिन पर खास गिफ्ट देने के लिए आंखें बंद कराई और पत्थर से सिर कुचलकर मार डाला। इससे पहले नाबालिग ने युवती से संबंध भी बनाए। युवती अपने जन्मदिन वाली रात भागने के इरादे से घर से निकली थी और कपड़े भी साथ रखे हुए थी। मामला दो



दिन पूर्व जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम रामखेड़ा झारा नाला में रेत में दबी मिली लाश का है जिसे सुलझाते हुए पुलिस नाबालिग आरोपी तक पहुंच गई। जांच में सामने आया कि नाबालिग की कथित गर्लफ्रेंड भारती टंडन उससे शादी करने के लिए दबाव बना रही थी। वहीं, नाबालिग बॉयफ्रेंड ने प्रेशर में आकर शादी के लिए हामी तो भर दी लेकिन, जिस रात उसका मर्डर हुआ उस दिन 19 जून को वह बालिग की हो गई और अपने नाबालिग ब्वॉयफ्रेंड के साथ भागने के इरादे से कपड़े भी साथ लेकर उससे मिलने पहुंची थी।

### बॉयफ्रेंड ने पूछताछ में स्वीकारा जुर्म

नाबालिग ने पुलिस को बताया कि भारती लगातार शादी की बात कर रही थी। इसी वजह से दोनों के बीच कई बार कहासुनी और विवाद भी हुआ था। पुलिस ने कॉल डिटेल, घटनास्थल से मिले सबूत के आधार पर नाबालिग बॉयफ्रेंड को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इस दौरान बॉयफ्रेंड ने जुर्म स्वीकारा और पुलिस को सारी बातें बताई। पुलिस ने आरोपी बॉयफ्रेंड को विधिवत अरेस्ट कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण भेज दिया गया है।

### पिता ने भाइयों के साथ किया बेटी का कत्ल

जिले के थाना पटेवा क्षेत्र के तुरेंगा गांव में मिली अज्ञात महिला की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए हत्या के मुख्य आरोपी मृतका के पिता को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक, मोबाइल एवं घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि 17 जून को ग्राम तुरेंगा के खेत में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। महिला के गले व शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान पाए जाने पर थाना पटेवा में हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। मृतका की पहचान उसके पति ने बागबाहरा निवासी रानी कुमारी सिंह के रूप में की। जांच में सामने आया कि मृतका द्वारा अंतरजातीय प्रेम विवाह करने से उसके पिता उमेश सिंह, चाचा दिनेश सिंह एवं बड़े पिता राजेश सिंह नाराज थे। तीनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और रानी को जबरदस्ती अपने साथ ले जाकर सुनसान खेत में उसकी हत्या कर दी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम सूरत पहुंची, जहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी उमेश सिंह को गिरफ्तार किया गया।

धर्मांतरण रोकने ग्रामीणों ने ग्रामसभा में लिया निर्णय

# दरभागुड़ा में पादरियों का प्रवेश निषेध, एनएच में लगाया बोर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले के कोन्टा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दरभागुड़ा ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए स्वयं को पादरी प्रवेश निषेध ग्राम घोषित कर दिया है। ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुसार अब गांव में बाहरी पादरियों की गतिविधियों एवं धर्मांतरण के प्रयासों पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में ग्राम सभा का प्रस्ताव जिला प्रशासन सहित संबंधित विभागों को भेजा गया है। जानकारी के अनुसार 13 जून को आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने अपनी परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक पहचान की रक्षा के उद्देश्य से यह प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान ग्राम के पेरमा पुजारी व भारी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्रामसभा के प्रतिनिधियों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ती धार्मिक गतिविधियों एवं धर्मांतरण की घटनाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ताकि आदिवासी समाज की रीति-रिवाज, परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके।

### चिंता सताने लगी तो उठाया कदम

ग्राम दरभागुड़ा के सरपंच विराज माड़वी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो से अवैध धर्मांतरण बढ़ रहा था। और हमारे ही लोग रीति रिवाज, देव धामी छोड़ कर धर्मांतरण कर रहे थे। ग्रामसभा के माध्यम से इस तरह का कदम उठाना पड़ा।

### ग्रामसभा से मिला है पत्र : एसडीएम

इस सबंध मे पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए कोन्टा एसडीएम सुभाष शुक्ला ने कहा कि ग्राम दरभागुड़ा में ग्राम सभा में प्रवेश निषेध व अवैध धर्मांतरण को लेकर प्रस्ताव पास किये जाने से संबंधित पत्र प्राप्त हुआ है।

### आदिवासी मूल्यों की रक्षा पर पहल

दरभागुड़ा के ग्रामीणों के इस फैसले के बाद पूरे संभाग में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। ग्रामीण इसे अपनी सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और आदिवासी मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बता रहे हैं। वहीं इस विषय पर प्रशासनिक और कानूनी पहलुओं को लेकर भी लोगों की नजर बनी हुई है।

# मांठ में धर्मांतरण का विरोध, पुलिस ने लिया दो पास्टरों को हिरासत में

**खरोरा।** क्षेत्र ग्राम मांठ में गुरुवार को हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोपों पुलिस ने दो पास्टरों को गिरफ्तार किया है। पास्टरों की गिरफ्तारी के विरोध में ईसाई समाज के लोग बड़ी संख्या में खरोरा थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, ग्राम मांठ में धार्मिक गतिविधियों के दौरान कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। साथ ही लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित या दबाव डालने की बात भी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में दो पास्टरों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की गई है।

### बगीचा के गुडलू में 135 घनमीटर रेत की गई जब्त

**जशपुरनगर।** बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडलू में 19 जून को 135 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण मिला। खनिज विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भंडारित रेत को जब्त कर लिया है। मामले में खान और खनिज अधिनियम, 1957 की धारा 21 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज किया। अवैध रेत भंडारण के मामले में 40 हजार 780 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। 4 मामलों में खनिज मद में राशि जमा कराई गई है।


JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026


साइको किलर मामले में अभी दफन है राज, जांच से खुलेगी बात

# 8 हत्याओं के पीछे मामूली विवाद, गांव वालों के गले नहीं उतर रही बात, तो क्या जादू-टोने का शक? जांच के दायरे में यह भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

हरिभूमि फॉलोअप

कसडोल थाना क्षेत्र के खर्वे में 98 दिनों में 8 लोगों की सिलसिलेवार हत्या के मामले का बलौदाबाजार पुलिस ने खुलासा तो कर दिया है, लेकिन गांव वालों के गले यह बात नहीं उतर रही है कि साइको किलर मुख्य आरोपी रामसहाय जायसवाल ने हत्या की जो वजह बताई है, वह सच है। उन्हें लगता है कि हत्या के पीछे कोई गहरा राज है जो अभी सामने आना बाकी है। कतिपय लोगों ने शक भी जाहिर किया है कि मामला जादू-टोने का हो सकता है। इधर, पुलिस का कहना है कि मामले का चालान ▶▶|शेष पेज 5 पर


शराब में सुहागा मिलाकर पिलाता था और उसे लेकर अस्पताल भी जाता था आरोपी

थोड़ी रंजिश, थोड़ा विवाद...और कांड बड़ा, साइको किलर ने एक-एक कर आठ को मार डाला



## ग्रामीणों ने कई तथ्यों को बताया अविश्वसनीय

ग्रामीणों का कहना है कि जैसे बद्री पटेल गरीब व्यक्ति था और अपने परिवार के साथ अन्य राज्य कमाने जाया करता था। उसका कोई कभी सामने नहीं आया। उस पर गाली-गलौज और शराब को लेकर विवाद बताया गया। दूसरा बुतालु साहू भी गरीब परिवार से आता है। उसका चुनाव जैसी गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं रहा। इसके साथ चुनावी विवाद बताया गया। इसी तरह छत्तू साहू लगभग 58-60 वर्ष व्यक्ति है और वह अपने बेटे के साथ बाहर रहता था। इस पर उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखने का शक रखता था। यह बात भी लोग नहीं मान रहे हैं। इसी तरह बुधराम जायसवाल के साथ जमीन विवाद और सामाजिक रंजिश बताया गया है, परंतु ▶▶|शेष पेज 5 पर

# छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू करने पांच सदस्यीय समिति रंजना देसाई बनीं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह समिति राज्य में यूसीसी लागू करने की संभावनाओं, कानूनी पहलुओं और आवश्यक व्यवस्थाओं का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी।समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई करेंगी। उनके साथ पूर्व ▶▶|शेष पेज 5 पर

## कौन-कौन हैं समिति में

राज्य सरकार द्वारा गठित समिति में- न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई अध्यक्ष,शत्रुघ्न सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) – सदस्य,एम.के. राउत (सेवानिवृत्त आईपीएस) सदस्य,मोहन पवार, वरिष्ठ अधिवक्ता, सदस्य,ज्योति रानी सिंह (सेवानिवृत्त प्राचार्य) महिला सदस्य को शामिल किया गया है।

## समिति के जिम्मे ये काम

सरकार ने समिति को यूसीसी लागू करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने की जिम्मेदारी सौंपी है। समिति राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के संबंध में वर्तमान कानूनी स्थिति का अध्ययन करेगी। विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और दत्तक ग्रहण जैसे विषयों पर सुझाव देगी। नागरिकों, सामाजिक संगठनों, विधि ▶▶|शेष पेज 5 पर



वेनेजुएला में तबाही, 10 हजार के मरने की आशंका

# एक मिनट में दो भूकंप

## 188 मौतें, सैकड़ों मकान जमींदोज

एजेंसी ▶▶| काराकस/नई दिल्ली

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को कहा कि देश में बुधवार शाम आए लगातार दो शक्तिशाली भूकंपों में कम से कम 188 लोगों की मौत हो गई है और 971 लोग घायल हुए हैं। रोड्रिगेज ने कहा कि मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है, क्योंकि बचाव दल क्षतिग्रस्त इमारतों में तलाश अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि 7.2 और 7.5 तीव्रता के भूकंपों के बाद आपातकालीन टीमें प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि ला गुएरा प्रांत इस आपदा ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दुनियाभर से मदद के हाथ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेनेजुएला को हर संभव मदद की पेशकश की
- खोज एवं बचाव दल, चिकित्सा और मानवीय सहायता वेनेजुएला भेजेगा अमेरिका
- अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, मैक्सिको, इक्वाडोर, बोलीविया ने सहायता देने की पेशकश की

*वेनेजुएला में एक मिनट के अंदर दो बड़े भूकंप आए हैं। पहला भूकंप 7.2 तीव्रता का था, जबकि दूसरा 7.5 तीव्रता का था। इन दो शक्तिशाली भूकंप से देश में भारी जनहानि और व्यापक तबाही की आशंका जताई जा रही है। ऐसी आशंका है कि इस भूकंप में 10 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई है। हालांकि अभी मरने वालों की संख्या 188 बताई गई है। भारत समेत दुनियाभर के कई देशों ने मदद की पेशकश की है।*



### झटकों के बाद राष्ट्रीय आपातकाल घोषित

### मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थायी तौर पर बंद



### ऐसा खौफ, खुले में बिता रहे रात

वेनेजुएला में व निशकारी भूकंप का इतना ज्यादा खौफ हो गया है कि लोग खुले में रात बिता रहे हैं। उन हें डर सता रहा है कि और झटके आ सकते हैं या भूकंप की वजह से डैमेज हुई इमारत अचानक से गिर सकती है।

### 126 साल बाद आया सबसे ताकतवर भूकंप

अमेरिका के जूलाजिकल सर्वे ने खुलासा किया है कि बीती रात वेनेजुएला में आए दो भीषण भूकंप साल 1900 के बाद पहली बार आए हैं। पहले भूकंप को रिक टर पैमाने पर 7.2 मापा गया ▶▶|शेष पेज 5 पर

पूरा घर और दो वाहन जलकर राख

# एसी ब्लास्ट से लगी आग में पिता की मौत, बेटा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

शहर के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित आईटीआई कॉलोनी में गुरुवार तड़के करीब 4.30 बजे एक घर के विंडो एसी के कंप्रेशर में अचानक हुए विस्फोट के बाद आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा मकान लपटों से घिर गया। हादसे में घर के मुखिया की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं 19 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर स्थित आईटीआई कॉलोनी के मकान क्रमांक 232 में रहने वाले पुरुषोत्तम पटेल (38 वर्ष) अपने बेटे राजवीर पटेल (19 वर्ष)के साथ घर में सो रहे थे। तड़के करीब साढ़े चार ▶▶|शेष पेज 5 पर



### बाथरूम तक पहुंचा पिता लेकिन नहीं बच सकी जान

*हादसे के दौरान पुरुषोत्तम पटेल जान बचाने के लिए बाथरूम की ओर भागे, लेकिन आग और धुएं की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि उनका शव बाथरूम के दरवाजे के पास मिला।* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### रात में मनाई थी जन्मदिन की खुशियां

*इस हादसे की सबसे भावुक करने वाली बात यह है कि जिस घर में गुरुवार सुबह मातम पसरा था, वहां बुधवार शाम तक खुशियों का माहौल था। परिवार ने राजवीर का 19वां जन्मदिन दोस्तों और परिजनों के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक मनाया था। किसी ने नहीं सोचा था कि कुछ घंटों बाद ही उसी घर में इतना बड़ा हादसा हो जाएगा । घटना के बाद स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और* ▶▶|शेष पेज 5 पर



## चिंतन

# प्रकृति के सामने सब बेबस, तैयारी जरूरी

वेनेजुएला में आए बैक-टू-बैक भूकंप और भूस्खलन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि प्रकृति के प्रचंड प्रकोप के आगे मानव निर्मित आधुनिकता और तकनीक सब बेबस हैं। इस भीषण त्रासदी ने दिखा दिया है कि समूची मानव जाति प्रकृति की अनिश्चित और विनाशकारी शक्तियों के सामने कितनी असहाय है। सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों के प्रभावित होने की खबरें बताती हैं कि आपदा प्रबंधन, भूकंपरोधी निर्माण और त्वरित राहत व्यवस्था कितनी महत्वपूर्ण है। इसलिए मानव जाति को प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाना बेहद जरूरी है। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए केवल राहत और बचाव पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पहले से तैयारियों, सुरक्षित निर्माण मानकों और जनजागरूकता को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उनकी विनाशलीला को बेहतर तैयारी और मजबूत व्यवस्थाओं से काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है। समस्या यह नहीं है कि ये आपदाएं आती हैं, बल्कि यह है कि इनके प्रति हमारी तैयारी कितनी है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि आपदा से पहले की तैयारी अपेक्षाकृत कमजोर रहती है। यही कारण है कि प्राकृतिक घटनाएं कई बार बड़े मानवीय संकट में बदल जाती हैं। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। देश का एक बड़ा हिस्सा भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में आता है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर राज्य और पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन के लिहाज से जोखिम वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। वहीं, हर वर्ष मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। हाल के वर्षों में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और केरल में आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अनियोजित विकास इन खतरों को और बढ़ा रहे हैं। ऐसे में केवल आपदा आने के बाद सहायता पहुंचाना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि आपदा जोखिम को कम करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति अपनाई जाए। भूकंपरोधी भवन निर्माण को अनिवार्य बनाया जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नियंत्रण रखा जाए और स्थानीय समुदायों को आपदा से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाए। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में नियमित मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए, ताकि संकट की स्थिति में लोग घबराने के बजाय सही निर्णय ले सकें। दुनिया में जापान इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। जापान हर वर्ष अनेक भूकंपों और सुनामी की आशंका का सामना करता है, लेकिन वहां मजबूत भवन निर्माण मानकों, उन्नत चेतावनी प्रणाली और व्यापक जनजागरूकता के कारण जनहानि को काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। आपदा के बाद पुनर्वास और पुनर्निर्माण की उनकी क्षमता भी उल्लेखनीय है। भारत सहित अन्य देशों को इस अनुभव से सीख लेकर अपनी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाना चाहिए। प्रकृति को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं है, लेकिन उसके खतरों को कम करना जरूर संभव है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिक संस्थानों, स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। वेनेजुएला की त्रासदी केवल एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। यह हमें याद दिलाती है कि प्रकृति के सामने विनम्र रहना और हर समय तैयार रहना ही सबसे बड़ा बचाव है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# ईरान, होर्मुज और बदलती विश्व व्यवस्था

आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है। किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है।

विश्व राजनीति में शक्ति का अर्थ समय के साथ निरंतर बदलता रहा है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में शक्ति के मानक बदलते रहे हैं। कभी विशाल और अजेय सेनाएं किसी साम्राज्य या देश की ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक मानी जाती थीं, तो कभी औद्योगिक क्रांति के बाद औद्योगिक उत्पादन और आर्थिक क्षमता को वैश्विक शक्ति का मुख्य आधार समझा गया। 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, विशेषकर शीतयुद्ध के दौर में, परमाणु हथियारों को सर्वोच्च शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक माना जाने लगा। ऐसा माना जाता था कि परमाणु क्षमता से संपन्न देश ही वैश्विक व्यवस्था की दिशा तय कर सकते हैं। किंतु 21वीं शताब्दी के आगमन ने इन सभी पारंपरिक धारणाओं को पीछे छोड़ दिया है। आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है।

किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है। इस संकरे मार्ग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे दुनिया के सबसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों का समुद्री निर्यात इसी मार्ग से होकर गुजरता है। वैश्विक कच्चे तेल की कुल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा रोजाना इस संकरे जलमार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है। इसके अलावा, तरल प्राकृतिक गैस के वैश्विक समुद्री व्यापार का भी एक बहुत बड़ा भाग इसी रास्ते से तय होता है। इसलिए होर्मुज केवल एक साधारण जलमार्ग नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। यदि इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है या तनाव बढ़ता है, तो उसका सीधा और तात्कालिक प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतों, समुद्री परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और दुनिया भर के उपभोक्ता बाजारों पर दिखाई देने लगता है। इस पूरे परिदृश्य में ईरान की भौगोलिक स्थिति उसे इस क्षेत्र में एक विशिष्ट सामरिक महत्व प्रदान करती है। इस जलडमरूमध्य के उत्तरी तट पर ईरान का सीधा भौगोलिक प्रभाव है और इसी कारण वह लंबे समय से इस मार्ग को अपनी सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति के रूप में देखता रहा है। जब भी पश्चिमी देशों द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए या उसकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की अनदेखी की गई, तब उसने बार-बार यह संकेत दिया कि वह होर्मुज में जहाजों के आवागमन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। कई अवसरों पर ईरान ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यह चेतावनी भी दी है कि यदि उसके राष्ट्रीय हितों को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया, तो वह इस मार्ग को पूरी तरह बंद करने अथवा यहां अतिरिक्त नियंत्रण स्थापित करने पर विचार कर सकता



है। यहीं से दुनिया के लिए एक नया भू-राजनीतिक संदेश निकलता है कि आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में भूगोल स्वयं एक बहुत बड़ी शक्ति है। यदि किसी देश के पास कोई ऐसा विशिष्ट स्थान है जो वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति या सामरिक गतिविधियों के लिए अनिवार्य है, तो वह देश अपनी सीमित सैन्य या आर्थिक क्षमताओं के बावजूद वैश्विक मंच पर अत्यंत महत्वपूर्ण प्रभाव रख सकता है। ईरान दशकों से भारी आर्थिक प्रतिबंधों और राजनीतिक दबावों का सामना कर रहा है, लेकिन होर्मुज पर उसकी सामरिक स्थिति उसे विश्व राजनीति में लगातार प्रासंगिक और शक्तिशाली बनाए रखती है। यह स्थिति पारंपरिक शक्ति संतुलन को भी गंभीर चुनौती देती है।

लंबे समय तक वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा कि बड़ी सैन्य और परमाणु शक्ति रखने वाले देश किसी भी क्षेत्रीय संकट का समाधान अपने पक्ष में करने में सक्षम होते हैं। होर्मुज का उदाहरण दिखाता है कि कठोर भौगोलिक वास्तविकताएं कई बार विशाल सैन्य शक्ति को भी सीमित कर देती हैं। यदि इस समुद्री मार्ग पर थोड़ा भी तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल एक क्षेत्र पर नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को भी यहां किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई करने से पहले कूटनीति, समझौतों और क्षेत्रीय संतुलन का सहारा लेना पड़ता है। इसके साथ ही, ईरान की इस रणनीति ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्न को एक बार फिर केंद्र में ला दिया है। ऊर्जा आधुनिक अर्थव्यवस्था की आधारशिला है जिसके बिना उद्योग, परिवहन, कृषि और संचार जैसे लगभग सभी क्षेत्र ठप हो सकते हैं। जब किसी ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग पर संकट की मामूली आशंका भी उत्पन्न होती है, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में तेजी से उतार-चढ़ाव शुरू हो जाता है। इससे दुनिया भर के निवेशकों में चिंता बढ़ती है और सरकारें वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तलाश करने के लिए मजबूर हो जाती हैं। इस प्रकार एक सीमित क्षेत्रीय तनाव भी व्यापक वैश्विक आर्थिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। इस परिस्थिति का प्रभाव केवल तेल उत्पादक या पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहता है। जापान, दक्षिण कोरिया, भारत और यूरोप के अनेक प्रमुख देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से पश्चिम एशिया के इसी मार्ग पर निर्भर हैं। यदि होर्मुज में कोई बाधा आती है तो इन विकासशील और विकसित देशों की ऊर्जा सुरक्षा सीधे प्रभावित होती है। यही कारण है कि दुनिया के तमाम राष्ट्र इस मार्ग को हमेशा खुला और सुरक्षित बनाए रखने के पक्षधर हैं। वे अच्छी तरह समझते हैं कि यहां उत्पन्न होने वाला कोई भी संकट उनके घरेलू आर्थिक हितों को सीधे चोट पहुंचाएगा।

ईरान के इस व्यवहार से यह भी स्पष्ट होता है कि भविष्य की प्रतिस्पर्धा केवल हथियारों के संचय की नहीं होगी। बीते दशकों में परमाणु हथियारों के प्रसार को लेकर व्यापक चिंताएं व्यक्त की जाती रही हैं, लेकिन आज एक नई प्रवृत्ति उभरती दिखाई दे रही है, जिसमें देश उन स्थानों, संसाधनों और मार्गों पर नियंत्रण की तलाश कर रहे हैं जिनके माध्यम से वे संपूर्ण वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर सकें। इन्हें भू-राजनीति की भाषा में चोक प्वाइंट कहा जाता है, जहां से होकर व्यापार, ऊर्जा या संचार का बड़ा भाग गुजरता है। यदि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को अक्षुण्ण रखना है, तो क्षेत्रीय देशों तथा बड़ी शक्तियों के बीच निरंतर संवाद और सहयोग आवश्यक होगा। अंततः, ईरान के व्यवहार से यही निष्कर्ष निकलता है कि 21वीं शताब्दी में शक्ति का स्वरूप बहुआयामी हो गया है, जहां भौगोलिक स्थिति, समुद्री मार्ग, संसाधन और ऊर्जा नेटवर्क ही भविष्य की विश्व राजनीति की दिशा तय करेंगे।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पाक रक्षा बजट

डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव



# सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करे भारत

पाकिस्तान की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने वित वर्ष 2026-27 का बजट कुल 18.77 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये अर्थात 67.49 अरब डॉलर का पेश किया है। इस बजट में रक्षा बजट पर विशेष ध्यान दिया गया है, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने भारत तथा अफगानिस्तान के साथ चल रहे तनाव एवं अन्य सैन्य अभियानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अधिक रक्षा बजट की मांग की थी। शरीफ सरकार ने सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर की इस मांग को मानते हुए रक्षा बजट में 18 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोत्तरी कर दी है। इस बढ़ोत्तरी के बाद पाकिस्तान का रक्षा बजट तीन ट्रिलियन अर्थात 3000 अरब रुपये हो गया है। वहां के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने नेशनल असेम्बली को बताया कि सरकार जुलाई से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में रक्षा बजट के लिए यह राशि आवंटित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अनिश्चितता के कारण देश को अजेय बनाने के लिए रक्षा खर्च में यह बढ़ोत्तरी सभी प्रांतीय सरकारों के साथ बातचीत के बाद की गई है। पाकिस्तान का रक्षा बजट पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। 2021-22 में यह लगभग 1280 अरब पाकिस्तानी रुपये था। वहीं, 2025-26 में यह 2550 अरब पाकिस्तानी रुपये था। अब नई उल्लेखनीय वृद्धि का निर्णय ऐसे समय में लिया गया है, जब पाक गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी कर्ज और गरीबी जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। एक तरफ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सहारे चल रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने रक्षाबजट बढ़ाने का निर्णय लिया है। विदित हो कि पाकिस्तान वर्ष 2023 में डिफॉल्ट होने से बचने के बाद सात अरब डॉलर के आईएमएफ प्रोग्राम को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

विश्व बैंक तथा आईएमएफ जैसी संस्थाएं उसकी आर्थिक स्थिति को चुनौतीपूर्ण बताती हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब करोड़ों नागरिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हों तब रक्षा बजट का बढ़ाया जाना उचित नहीं लगता है, जबकि पाकिस्तान इस निर्णय के पीछे अपनी सुरक्षा चिंताओं, क्षेत्रीय रणनीतिक परिस्थितियों एवं सैन्य जरूरतों का हवाला देता है। सैन्य नेतृत्व का यह मानना है आर्थिक संकट तो अस्थायी है, लेकिन सुरक्षा कमजोर हुई तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। 1947 में हुए बंटवारे के बाद से अब तक पाक की रक्षानीति का सबसे बड़ा केन्द्र भारत ही रहा है और इसी के चलत उसने भारत के साथ 1947-48, 1965, 1971 एवं 1999 में संघर्ष किया और पराजित भी हुआ, लेकिन तनाव बनाए रखा। गत वर्ष की लड़ाई में मात खाना भी उसे अच्छी तरह से याद है। भारत में फैला आतंकवाद उसकी नीतियों की देन है। भारत की बढ़ती आर्थिक व सैनिक ताकत उसके लिए आज भी चिंता का विषय है। भारत लगातार अपनी आधुनिक मिसाइल प्रणालियां, आधुनिक लड़ाकू विमान, वायु रक्षाप्रणाली, ड्रोन एवं नौसैनिक ताकत का लगातार विकास कर रहा है। इस कारण पाकिस्तान अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत बनाए रखने और भारत के मुकाबले में बने रहने हेतु अपनी रक्षाशक्ति को आधुनिक बनाने के लिए रक्षाबजट में वृद्धि को जायज मानता है। भारत के अलावा अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का संघर्ष जारी है। वहां पर तालिबान का शासन स्थापित होने के बावजूद पाक की सुरक्षा चिंताएं कम नहीं हुई हैं। दोनों देशों के बीच आए दिन संघर्ष होता रहता है। पाकिस्तान का आरोप है कि कुछ आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का उपयोग पाकिस्तान विरोधी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। इसीलिए सीमा सुरक्षा अभियानों पर खर्च बढ़ रहा है। पाकिस्तान को केवल बाहरी ही नहीं बल्कि आंतरिक सुरक्षाचुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अगर पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों, मिसाइल एवं ड्रोन जैसे क्षेत्रों में विकास करता है तो भारत को पाकिस्तानी सीमा पर अपनी निगरानी एवं सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करना होगा। चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ता रणनीतिक सहयोग एक चिंता का विषय है क्योंकि दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक, हथियार प्रणालियां और संयुक्त रक्षा परियोजनाओं का विस्तार भारत के लिए दो मोर्चों की सुरक्षा तैयारी के लिए बाध्य करता है। रक्षा बजट की वृद्धि यदि पाकिस्तान की सैन्य क्षमता मजबूत करेगी तो भारत पर तत्कालिक खतरा भले ही कम हों, लेकिन दीर्घकालिक रणनीतिक चुनौती तो अवश्य बनेगी। साथ में देखना यह भी होगा कि आर्थिक तंगी के बीच पाकिस्तान का बढ़ा रक्षा बजट उसके लिए कितना लाभदायक सिद्ध होगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
**दर्शन**

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी मे भर कर ले जाए। दोनो निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे। दरअसल लालच ही वह बला है जिससे मनुष्य उबर नहीं पाता और जो इससे उबर जाता है अपनी मंजिल पा लेता हैं ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिलाओं में बढ़ा तंबाकू का सेवन

देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं, वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए, वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। तंबाकू का सेवन छुड़वाना एक बड़ी चुनौती है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### भारतीय लोकतंत्र

'संविधान हत्या दिवस' हमें उस काले दौर की याद दिलाता है जब भारतीय लोकतंत्र को बेरहमी से कुचल दिया गया था। आपातकाल का विरोध करने वाले सभी महानुभावों को मेरा सादर नमन।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



### सत्ता का अहंकार

सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार इस मुकाम पर पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को ही शिक्षा मंत्री "आतंकवादी" कह रहे हैं। जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, वह आज पीड़ित बच्चों को "दहशतगर्द" बता रहा है।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस



### चंपत राय की हिम्मत

चंपत राय ने प्रधानमंत्री को हिसाब देने से इनकार कर दिया है। उसने इतनी हिम्मत कहां से जुटाई? उसे कौन से राज़ पता हैं कि प्रधानमंत्री भी उनके सामने बेबस हैं? दूसरी तरफ, एसआईटी छोटे कर्मचारियों को तलब कर सबकी आंखों में धूल झोंक रही है।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### आवाजाही सुचारू

एनएच-44 पर कालीबाड़ी के पास रावी नदी और सेहर खड्ड पर बने दो अहम पुल, जो पिछले साल आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गए थे, उन्हें ठीक कर लिया गया है। इससे अमरनाथ तीर्थयात्रियों यात्रियों व सामान की आवाजाही सुचारू रूप से हो सकेगी।

- **मनोज सिन्हा**, एलजी, जम्मू-कश्मीर



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# प्रतिबंध के बावजूद बच्चे कर रहे सोशल मीडिया का उपयोग

ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध लागू होने के छह महीने बाद भी 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस कानून की सफलता का आकलन केवल इस आधार पर नहीं किया जाना चाहिए कि बच्चे अब भी इन मंचों तक पहुंच बना रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसल की जनस्वास्थ्य शोधकर्ता कोर्टनी बार्नेस के नेतृत्व में किए गए और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि टिकटॉक, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या में बहुत कमी नहीं आई है। शोधकर्ताओं ने 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 408 किशोरों पर सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण दिसंबर 2025 में कानून लागू होने से पहले और तीन महीने बाद किया गया। अध्ययन में 16 वर्ष की आयु सीमा से ठीक नीचे और उससे ऊपर के किशोरों की तुलना कर कानून के प्रभाव को अलग से समझने का प्रयास किया गया। अध्ययन के अनुसार, अनुवर्ती सर्वेक्षण के समय 16 वर्ष से कम आयु के 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे अब भी प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर रहे थे जिनमें से अधिकतर बच्चे अपने स्वयं के खातों के जरिए इन मंचों तक पहुंच रहे थे।



## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।



रायपुर
शुक्रवार 26 जून 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 24, अंक : 336
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 37.0
न्यूप. 25.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



*होटल-रेस्तरां से जुड़े परिसर में होगा उत्पादन और विक्रय*

# छग में मिलेगी अब ताजी क्राफ्ट बीयर, माइक्रो ब्रुअरी को मंजूरी, मिलेगी 300 रुपए गिलास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब बीयर पीने के शौकीनों को कई तरह के फ्लेवर वाली क्राफ्ट बीयर भी पीने के लिए मिलेगी। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में माइक्रो ब्रुअरी खोलने की मंजूरी दे दी है। अब आबकारी विभाग लाइसेंस जारी कर सकता ▶▶।शेष पेज 5 पर

### क्या है माइक्रो ब्रुअरी?

माइक्रो ब्रुअरी वह इकाई होती है, जहां सीमित मात्रा में ताजा बीयर का उत्पादन किया जाता है और उसे मुख्य रूप से उसी परिसर में स्थित रेस्तरां या उपभोक्ताओं को परोसा जाता है। इसे आमतौर पर क्राफ्ट बीयर उद्योग के रूप में जाना जाता ▶▶।शेष पेज 5 पर

### कम से कम 4 हजार वर्गफीट का परिसर जरूरी

सरकार ने माइक्रो ब्रुअरी स्थापित करने के लिए न्यूनतम मानक भी तय किए हैं। प्रस्तावित माइक्रो ब्रुअरी और उससे ▶▶।शेष पेज 5 पर

### सालाना 10 लाख रुपये लाइसेंस फीस

नई नीति के अनुसार माइक्रो ब्रुअरी संचालकों को प्रति वर्ष 10 लाख रुपये लाइसेंस शुल्क जमा करना होगा। इसके माध्यम से आबकारी विभाग को ▶▶।शेष पेज 5 पर

### उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा

"क्राफ्ट बीयर नियम केवल एक नई आबकारी व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह राज्य में पर्यटन, निवेश और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। क्राफ्ट बीयर ताज़ी, उच्च गुणवत्ता वाली और छोटे बैचों में तैयार की जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्राप्त होता है।"

- **देवेन्द्र सिंह भारद्वाज,** विशेष सचिव, आबकारी

तत्काल के लिए 5000

# पासपोर्ट के लिए अब लगेंगे 2500 रुपए

*हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली*



*केंद्र सरकार ने गुरुवार को पासपोर्ट शुल्क में बदलाव किया, जिसके तहत 36 पन्नों के नए सामान्य पासपोर्ट के लिए अब 1,500 रुपए की जगह 2,500 रुपए का भुगतान करना होगा। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना से यह जानकारी सामने आई। बीस जून की अधिसूचना के मुताबिक, पासपोर्ट नियम, 1980 में संशोधन कर आवेदन शुल्क में बदलाव किया गया है। नए नियम एक जुलाई 2026 से लागू होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि 36 पन्नों के नये सामान्य पासपोर्ट या इतने ही पन्नों के पासपोर्ट को पुनः जारी किए जाने के लिए सामान्य आवेदन शुल्क 2,500 रुपए होगा, जबकि तत्काल सेवा के* ▶▶।शेष पेज 5 पर

### 60 पन्नों के लिए 3500

*अधिसूचना के अनुसार, 60 पन्नों के नए सामान्य पासपोर्ट या इतने ही पन्नों के पासपोर्ट को फिर से जारी किए जाने के लिए सामान्य आवेदन शुल्क 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,500 रुपए, जबकि तत्काल आवेदन शुल्क 4,000 रुपए से बढ़ाकर 6,000 रुपए कर दिया गया है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163
airtel चैनल नं. 366

## मीणा बस्तर रेंज के नए आईजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी बद्रीनारायण मीणा को बस्तर रेंज का नया पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में पुलिस



■ गृह विभाग ने जारी किया आदेश

मुख्यालय नवा रायपुर में आईजी के रूप में पदस्थ मीणा को बस्तर रेंज, जगदलपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बस्तर रेंज प्रदेश का सबसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता रहा है। नए दायित्व के तहत मीणा क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, सुरक्षा रणनीति और नक्सल विरोधी अभियानों की निगरानी करेंगे। छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस मीणा ने कई जिलों में पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं दीं। वे बलरामपुर, कबीरधाम, राजनांदगांव, जगदलपुर, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़ और दुर्ग जैसे ▶▶।शेष पेज 5 पर

## पश्चिम बंगाल और दिल्ली में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

# मानसून देगा राहत, 21 राज्यों में अलर्ट छत्तीसगढ़ में भी जल्द बरसेंगे 'बदरा'

देश में अब लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने नया अलर्ट जारी करते हुए 26 जून को यूपी, बिहार समेत 21 राज्यों के लिए भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी कर दी है। इधर, गुरुवार को कोलकाता में भारी बारिश से सड़कें डूब गईं, वहीं दिल्ली में कई पेड़ उखड़ गए। गोवा में एक पर्यटक के बहने की भी खबर है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली/रायपुर

खास खबर

मौसम विभाग ने नया अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 जून को देश के 21 राज्यों यूपी, दिल्ली, बिहार, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, सिक्किम, महाराष्ट्र असम, त्रिपुरा, नागालैंड, तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। इस बारिश के चलते तापमान में तेजी से कमी आएगी जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। इस दौरान 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवा भी चलेगी। इस खतरनाक आंधी के चलते किसानों के फसल को नुकसान होने की आशंका है। लोगों को इस दौरान पूरी तरह से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3-4 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के गुजरात, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों, छत्तीसगढ़, झारखंड ▶▶।शेष पेज 5 पर



उत्तरप्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में आज आंधी बारिश की चेतावनी

### प्री-मानसून ने दी राहत

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ घंटों के दौरान आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। हवा की रफ्तार 70 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इससे पेड़ गिरने और टेंट-शेड उड़ने का खतरा है।

### वीडियो बनाते समुद्र में बह गया पर्यटक

गोवा के बागा बीच पर एक पर्यटक की समुद्र में बहने से मौत हो गई। कर्नाटक के रहने वाले सहस अशपाक मसाली (33) समुद्र किनारे चट्टानों पर बैठे थे। वह बागा बीच पर चट्टानों के पास, समुद्र के किनारे खतरनाक जगह बैठकर वीडियो बनवा रहे थे, लेकिन तभी अचानक आई तेज लहर उन्हें बहाकर समुद्र में ले गई। प्रतिबंधित जगह पर फोटो खिंचवाने की कोशिश में वह अपनी जान से हाथ धो बैठे।

### छग के बड़े इलाके में पहुंच चुका मानसून, अब मूसलाधार का इंतजार

मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ के ज्यादातर हिस्सों में मानसून प्रवेश कर चुका है। जिन हिस्सों में सूखा है, वहां अगले तीन से चार दिनों में मानसून पहुंचने की संभावना है। इस दौरान बारिश संबंधित गतिविधियां जारी रहेंगी। शुक्रवार को मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात की आशंका है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन फिलहाल नहीं होगा। 24 घंटे के बाद मध्य भाग में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। इसके पूर्व गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक गर्म 39.4 डिग्री के साथ बिलासपुर रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान 23 डिग्री पेंड्रा में दर्ज किया गया। राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक 38 डिग्री दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक 27.6 डिग्री दर्ज किया गया। आसमान में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन बारिश की स्थिति निर्मित नहीं हुई।



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा पत्र

# बस्तर में खुले में 100 करोड़ से अधिक का धान

लीलाधर राठी ▶▶। सुकमा

खास खबर

बस्तर संभाग के 7 जिलों में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान अभी भी खुले आसमान के नीचे रखा है। दंतेवाड़ा जिले को छोड़ अन्य 6 जिलों मे 25 जून की स्थिति में 34231.28 मीट्रिक टन धान सुरक्षित स्थल तक ▶▶।शेष पेज 5 पर

### सात जिलों में स्थिति

जिला सहकारी बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 25 जून तक संभाग के 6 जिलों में धान का उठाव पूर्ण नहीं हो पाया है। संभाग में कुल 34,231.28 मीट्रिक टन धान विभिन्न केंद्रों में शेष बताया गया है। बस्तर संभाग के समस्त केन्द्रों में कुल 4200 करोड़ रुपए धान की खरीदी की गई थी जिसमें अभी भी 100 करोड़ का धान उपार्जन केन्द्रों में है।

### शासन स्तर पर हो आर्थिक हानि की भरपाईः कश्यप



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए 31 मार्च 2026 के बाद शेष धान के कारण सहकारी समितियों को होने वाली आर्थिक हानि की भरपाई शासन स्तर पर करने का आग्रह किया है। ताकि समितियों की वित्तीय स्थिति प्रभावित न हो और किसानों की सेवा व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## गांजे से तस्कर ने कमाए करोड़ों सवा दो करोड़ की संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



उरला थाना क्षेत्र के कुख्यात गांजा तस्कर की सफेमा एक्ट के तहत दो करोड़ 32 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क की गई है। तस्कर की जिन संपत्तियों को कुर्क किया गया है, उनमें उसकी पत्नी ▶▶।शेष पेज 5 पर




दो दिन के दिल्ली प्रवास से रायपुर लौटे, कहा- कोचिंग संस्थानों की होगी जांच

# सीएम साय ने की नड्डा-नितिन से मुलाकात, मांगा आयुर्वेदिक एम्स

सीएम साय ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन तथा स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की और उनसे छग में आयुर्वेदिक एम्स की स्थापना की मांग की। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की और फिर दोपहर रायपुर लौट आए। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने लखनऊ हादसे का जिक्र आने पर कहा कि छग के सभी कोचिंग ▶▶।शेष पेज 5 पर



### यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए बेहतर व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए बनाए गए यूथ हॉस्टल का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। वहां रहकर पढ़ाई करने वाले 13 विद्यार्थियों ने यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब इन अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद एक्शन

# राम मंदिर चंदा केस में आठ पर जुर्म

एजेंसी ▶▶। अयोध्या

राम मंदिर में दान की रकम के गबन से जुड़े आरोपों को लेकर यहां गुरुवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई। इससे दो दिन पहले मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपी थी। पुलिस के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अधिकारी ने बताया कि एसआईटी ने कुछ कठोर सिफारिशें की हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस मामले को लेकर बहुत गंभीर हैं। अधिकारी ने कहा, जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जून को मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी गठित की गई थी। यह कदम अयोध्या राम मंदिर को मिले चढ़ावे की रकम के दुरुपयोग के आरोप सामने आने के बाद उठाया गया था। ▶▶।शेष पेज 5 पर



### जांच के बाद सिफारिश

अधिकारियों ने बताया कि एसआईटी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के बाद यह प्राथमिकी दर्ज की गई। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब राम मंदिर को प्राप्त दान की रकम के कथित गबन को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग तेज हो रही थी।

### *विहिप ने किया स्वागत*

*विश्व हिन्दू परिषद ने मुकदमा दर्ज किए जाने का स्वागत किया। विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा, 'हम मुकदमा दर्ज किये जाने का स्वागत करते हैं। हम यह उम्मीद भी करते हैं कि इस मामले में जांच तेजी से होगी और दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलेगी। कुमार ने मामले की तह तक जाने के लिए औपचारिक पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी।*



# 'हॉरर मूवी जैसा मंजर'

## हर तरफ तबाही, भागते-जान बचाते लोग | वेनेजुएला में सदी बाद आया विनाशकारी भूकंप

कराकास। वेनेजुएला की राजधानी कराकास के पश्चिमी हिस्से में बुधवार दोपहर जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इन झटकों से कराकास में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और वैज्ञानिकों ने दक्षिण अमेरिकी देश में बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ है। इसके कई वीडियो सामने आए हैं। यह किसी हारर फिल्म के जैसा ही नजारा था। भूकंप के बाद डर से बुरी स्थानीय लोग बुरी तरह कांप रहे थे।



### पुरानी इमारतें नेस्त-ओ-नाबूद

वेनेजुएला के इतिहास में पिछले एक सदी से भी ज्यादा समय बाद इतना विनाशकारी भूकंप आया है जिसने पूरे देश को हिला दिया। राजधानी कराकास, ला ग्वायरा, याराकुई, काराबोबो और आसपास के इलाकों में भारी तबाही हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, देखते देखते दीवारें गिर रही थीं। पुरानी इमारतों के पूरे हिस्से ढह गए। सड़कों पर कई फुट चौड़ी दरारें पड़ गईं। लोग डर के मारे सड़कों पर निकल आए। कुछ इलाकों में इमारतों के पूरे ब्लॉक ढह गए, जिसके नीचे लोग फंस गए।









---

आपातकाल की 51वीं बरसी पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# कभी माफ न करें, कभी न भूलें, यह लोकतंत्र के लिए बड़ा 'काला अध्याय'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से लगाए गए आपातकाल की 51वीं बरसी पर गुरुवार को इस दिन को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने नागरिकों से कहा कि इस दाग को बार-बार याद करने की जरूरत है, ताकि देश में फिर कोई ऐसा पैदा न हो, जिसको इस पाप के रास्ते पर जाने की इच्छा हो जाए। पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर हैशटैग 'संविधान हत्या दिवस' के साथ पोस्ट किया, क्या आप जानते हैं कि हमारे लोकतांत्रिक इतिहास में 25 जून इतना महत्वपूर्ण क्यों है? उन्होंने लिखा, आपातकाल लगाने वालों के माथे पर उस गंभीर पाप का कलंक हमेशा के लिए लग गया है। आज हम उन सभी लोगों को सलाम करते हैं, जो डटकर खड़े रहे। उन्हीं की वजह से लोकतंत्र बचा रहा। कभी माफ न करें और कभी न भूलें।

### इंदिरा के आपातकाल की घोषणा का अंश शेयर किया

पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में शुरुआत में इंदिरा गांधी के आपातकाल की घोषणा का अंश शेयर किया, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री को कहते सुना गया, राष्ट्रपति जी ने आपातकाल की घोषणा की है।प्रधानमंत्री ने इसका शीर्षक दिया, आपातकाल की 51वीं बरसी- जानिए क्यों इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय माना जाता है।

---

विपक्ष के नेता राहुल ने शिक्षा मंत्री पर फिर निशाना साधा

# युवाओं से माफी मांगें और इस्तीफा दें शिक्षामंत्री प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर हमला करते हुए उन पर छात्रों का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि वे देश के युवाओं से माफी मांगें और इस्तीफा दें। एक्स पर साझा पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार अहंकारी हो गई है और अब उन छात्रों को निशाना बना रही है, जो अधिकारों और निष्पक्ष परिक्षाओं और रोजगार की मांग उठा रहे हैं। राहुल ने पोस्ट में लिखा, सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार अब इस मुकाम पर पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परिक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को ही शिक्षा मंत्री आतंकवादी कह रहे हैं। जरा सोचिए- जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, जिसके राज में 20 बच्चों ने जान दे दी, जिसने करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया।

### शिक्षा व्यवस्था से छात्रों का भरोसा टूटाः गोगोई

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने परीक्षा संबंधी कथित अनियमितताओं की बार-बार सामने आ रही घटनाओं को शिक्षा व्यवस्था की 'बड़ी संस्थागत विफलता' करार देते हुए कहा कि इससे छात्रों का भरोसा टूट गया है। कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' में गोगोई ने यह भी कहा कि लीक और व्यवधान से छात्र परेशान हो रहे।

---

वेणुगोपाल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

# एफसीआरए संशोधन नियमों पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष के.सी. वेणुगोपाल ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन नियम, 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इन नियमों को तत्काल वापस लेने और नागरिक समाज संगठनों (एनजीओ) के साथ व्यापक संवाद शुरू करने की मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नए नियम नागरिक समाज और गैर-सरकारी संगठनों पर /"सुनियोजित और व्यवस्थित हमला/" हैं। उन्होंने कहा कि इनका उद्देश्य एनजीओ क्षेत्र को विनियमित करना नहीं, बल्कि उसे नियंत्रित और कमजोर करना है। कांग्रेस नेता ने नियमों में प्रस्तावित दंडात्मक प्रावधानों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मामूली प्रशासनिक त्रुटियों या पूर्व निर्धारित भौगोलिक क्षेत्र से बाहर काम करने पर निधि का 30 प्रतिशत तक अथवा न्यूनतम एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान छोटे और संसाधन-विहीन संगठनों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। उनका कहना है कि इससे विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित वर्गों के बीच काम करने वाले छोटे संगठनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया खातों, वेबसाइटों और विभिन्न प्रकाशनों की अनिवार्य जानकारी देने के प्रावधान पर भी आपत्ति जताई।

### 'एनजीओ की स्वतंत्रता पर हमला'

वेणुगोपाल ने कहा कि नए नियमों के तहत एनजीओ को अपनी गतिविधियों को सरकार द्वारा निर्धारित सीमित श्रेणियों तक सीमित करना होगा और उनके कार्यक्षेत्र पर भी प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। उनका आरोप है कि इससे जमीनी स्तर पर काम करने वाले संगठनों की लचीलापन और आपात परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अतिरिक्त राज्य या गतिविधि श्रेणी के लिए अलग शुल्क लगाने का प्रावधान देशव्यापी सामाजिक कार्यों को हतोत्साहित करने वाला कदम है।

---

# कल से सेशेल्स की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर मौजूद चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह शनिवार से सेशेल्स की तीन दिवसीय (27 से 29 जून तक) राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें हिंद महासागर के इस अहम द्वीपीय देश के राष्ट्रपति डॉ.पैट्रिक हर्मिनी ने विशेष रूप से आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि यह प्रधानमंत्री की सेशेल्स की राजकीय यात्रा होगी। जिसमें वह अपने तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सेशेल्स के स्वतंत्रता दिवस समारोह (29 जून) में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पूर्व में वर्ष 2015 में भी पीएम ने सेशेल्स की यात्रा की थी। जिसमें भारत के इस मित्र देश के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन में नौसेना के दो युद्धपोतों के साथ भारतीय सशस्त्र सेनाओं का एक दस्ता भी शामिल हुआ था। गौरतलब है कि सेशेल्स को 29 जून 1976 को ब्रिटेन से आजादी मिली थी।

---

# रेलवे का 'ब्रेड एंड बटर' है माल ढुलाई

## रेलमंत्री ने की सुधारों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे को विभिन्न वस्तुओं की माल ढुलाई के लिए सबसे पसंदीदा परिवहन माध्यम बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने सुधारों की प्रक्रिया तेज कर दी है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गुरुवार को वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर माल परिवहन प्रणाली को अधिक आधुनिक, ग्राहक-केंद्रित और नवाचार आधारित बनाने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की। बैठक में रेलवे की माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने तथा विभिन्न उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप विशेष प्रकार के मालवाहक डिब्बों (वैगनों) के विकास पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सीमेंट और नमक जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए हाल के वर्षों में विकसित किए गए विशेष वैगनों की सफलता ने यह साबित किया है कि उद्योगों की परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप डिजाइन किए गए वैगन माल परिवहन को अधिक प्रभावी बना सकते हैं।

---

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### शिक्षक

**APPOINTMENT**
**DAV ISPAT PUBLIC SCHOOL**
SECTOR-2, BHILAI, DIST-DURG (C.G.)
REQUIRE THE FOLLOWING STAFF ON ADHOC/ CONTRACTUAL BASIS. *INTERESTED CANDIDATES ARE REQUESTED TO SUBMIT THEIR RESUME PERSONALLY IN THE SCHOOL OR BY EMAIL:*
davispatsec2@gmail.com
ON OR BEFORE 30.06.2026
**VACANT POSTS:**
**PRT: SOCIAL SCIENCE**
**EDUCATIONAL QULIFICATONS:**
BACHELOR'S DEGREE IN CONCERNED SUBJECT AND B.Ed WITH ATLEAST 50% MARKS. PREFERENCE WILL BE GIVEN TO CGTET/CTET QUALIFIED CANDIDATES.

**आवश्यकता है-** ज्ञान भारती हायर सेकेंडरी स्कूल में फिजिक्स, मैथ्स, बायो, केमेस्ट्री, कंप्यूटर ऑपरेटर, अंग्रेजी सब्जेक्ट हेतु शिक्षक की आवश्यकता है वेतन 10 से 15 हजार योग्यताअनुसार **संपर्क MIG 1068 के सामने वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर मोबाइल- 8319496635.** (RO-868)

**आवश्यकता है-** महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उच्चत्तर. माध्यमिक विद्यालय, तीन दर्शन मंदिर, केम्प-1 भिलाई को एकाउन्ट एवं प्रायमरी शिक्षक की आवश्यकता है। **विद्यालय में सम्पर्क करें** । (आरो न -303)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** नया सबेरा विद्यालय गोकुल नगर/राम नगर में कामर्स, बायो समूह एक 6 से 10 वीं तक सभी विषयों पढ़ाने हेतु शिक्षक/शिक्षिकाए की आवश्यकता है । **संपर्क करें:- 9993453324.** (RO-870)

### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, **संपर्क करे- 6232022676.** (आरो-460)

### कुक/सफाई कर्मी

**आवश्यकता है-** रायपुर में पालतू कुत्तों के लिए खाना बनाना, साफ़ सफाई और उनके कपड़े बर्तन धोने के लिए बाई चाहिए। साथ ही घर की साफ सफाई, झाड़ू, कपड़ा, बर्तन। सुबह शाम का काम है। वेतन 6000 महीना। **संपर्क - 7987155452.** (RO-093)

### वर्क/फील्ड स्टाफ

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता है मैनुअल क्लेरिकल वर्क स्टॉफ (फीमेल), फील्ड स्टॉफ, आफिस बॉय (जिसके पास दो पहिया वाहन हो) अकाउंटेंट Tally ERP9 (मेल/फीमेल) **संपर्क- जय अम्बे एग्रो इंडस्ट्रीज, अवंति विहार, 400 मीटर आगे एटीएम चौक से एस्थेटिक इनस्टिट्यूट ऑफ़ डिज़ाइन कॉलेज के पास रायपुर। फोन- 86025 98092 , 93039 80093.** (RO-724)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर खम्हारडीह में घर की कार चलाने के लिए एक कुशल अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **सम्पर्क करें- 9579931943.** (RO-41230)

### घरेलु नौकर

**आवश्यकता है-** रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000- 25,000 प्रतिमाह (अनुभवनुसार) सुविधाएं रहने की व्यवस्था है **स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्कः- 9109972720, 9109125252.** (RO-038)

### हेल्पर/वेल्डर/फिटर

**आवश्यकता है-** तुरंत सिलतरा रायपुर स्टील प्लांट परमानेंट हेल्पर 70, वेल्डर 10, फिटर 10, रिगर 10, इयूटी 8 घंटे, पी एफ, एसआईसी, बोनस, साप्ताहिक छुट्टी, वेतन -14000/-, ठेकेदार । **मो .- 7869284963, 9329280863, 07883556724.** (आरो न - 302)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय के लिए 12 घंटे की ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवः न्यूनतम 5 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं पास वेतन योग्यता एवं अनुभवनुसार आकर्षक वेतन **कार्य स्थल सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्कः- 9109972720, 9109125252.** (RO-037)

### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता -** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें-, 8085533493.** (Ro-367)

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** इंडस्ट्रीयल एवं कमर्शियल वाटर सॉफनर एवं RO PLANT की फिटिंग/इंस्टालेशन एवं मेंटेनेंस हेतु अनुभवी टेक्नेशियन एवं कार्य सिखने हेतु ट्रेनी युवकों की आवश्यकता है। **संपर्क करें:-बेलकेम इंडस्ट्रीज 16/5 दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर भिलाई - 94062-41383, 89658-39883.** (आरो न - 304)

### लॉन्ड्री कार्य

**आवश्यकता है-** लॉन्ड्री शॉप के लिए कपड़े लेने और पहुंचाने (पिक एण्ड ड्रॉप) के लिए लड़को की आवश्यकता है। समय सुबह 9:30 से रात 09 बजे तक **युक्लीन लॉन्ड्री पचपेड़ी नाका रायपुर संपर्क:- 7999519526.** (RO-871)

### घरेलु महिला सहायक

**आवश्यकता है-** घरेलू महिला सहायक चाहिए (18–40 वर्ष)। 24 घंटे रहना होगा, रहना-खाना मुफ्त। खाना बनाना नहीं - घर के बाकी सभी काम। अनुभवी हों। महीने में 2 छुट्टी। **स्थानः न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। संपर्कः 8305037010.** (RO-901)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल **करें - 8929449955.** (RO-63586)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### अन्य

**आवश्यकता है-** जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन करे 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 - 42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ,व्हाट्सएप / **कॉल करे - 8400406891.** (RO-091)

## Property प्रापर्टी

### जमीन

**कृषि भूमि-** बोर युक्त ग्राम गुजरा भखारा पुराना रायपुर धमतरी हाइवे रोड से एक खेत अंदर 2.17 एकड़ कीमत 71 लाख प्रति एकड़ और 2.25 एकड़ धरसा रोड से 100 मीटर अंदर कीमत 37 लाख प्रति एकड़ जमीन शीघ्र बेचना है। **संपर्क करे- 9630574960.** (RO-863)

### मकान

**मकान बेचना है-** दो बेडरुम दोनों में अटेच्ड लैटबाथ, हॉल किचन, बालकनी.आनंदपुरम सोसाइटी फेस 2, फस्ट फ्लोर .650 स्क्वायर फुट **संपर्क करें- 6266033910.** (आरो -300)

### प्लाट

**बेचना है –** केंद्री रेल्वे स्टेशन के पास, 37x76 स्क्वेयर फीट का कमर्शियल प्लॉट बिक्री हेतु उपलब्ध। हॉस्पिटल, होटल या किसी भी कमर्शियल सेटअप के लिए परफेक्ट जगह। जल्दी करें– सीमित ऑफर! **संपर्क करें:- 9990440140, 9991118972.** (RO-039)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



**शादी से घबराहट गुप्त रोग**
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क **जे.जे. अहमद दवाखाना**
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
**9098889899**

इंडिगो ने कहा- विमान हटाने के बाद रवाना हुए

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर आमने-सामने भिड़ने से बचे दो विमान

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एक बड़ा विमान हादसा टल गया। एयर इंडिया और इंडिगो के दो विमान एक ही टैक्सीवे (रनवे का एक हिस्सा) पर आमने-सामने आ गए। हालांकि दोनों विमानों को समय रहते रोक लिया गया। सूत्रों के अनुसार, मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट उड़ान भरने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान मुंबई से अहमदाबाद पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट पार्किंग बे की ओर जाते समय गलती से गलत मोड़ ले बैठी और उसी टैक्सीवे पर पहुंच गई, जहां इंडिगो का विमान मौजूद था। दोनों विमानों के बीच करीब 200 मीटर की दूरी रह गई थी। बाद में एयर इंडिया विमान को टो करके सही पार्किंग बे तक ले जाया गया। इसके बाद इंडिगो विमान रनवे पर पहुंचा। एअर इंडिया ने बयान जारी कर कहा कि 24 जून को मुंबई से अहमदाबाद पहुंची फ्लाइट एआई-2493 लैंडिंग के बाद पार्किंग के दौरान अनजाने में गलत दिशा में मुड़ गई थी। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं हुआ।




# मोदी सरकार ने 12 साल में नहीं बदली नीति, 1967 के कानून मुताबिक पासपोर्ट-'यात्रा दस्तावेज'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पासपोर्ट किसी भी व्यक्ति के लिए विदेश यात्रा करने का सिर्फ एक दस्तावेज मात्र है। जिसे किसी भी सूरत में नागरिकता के प्रमाण के रूप से पेश नहीं किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय द्वारा बीते बुधवार को पासपोर्ट सेवा दिवस-2026 के अवसर पर की गई इस टिप्पणी पर सोशल मीडिया में छिड़े घमासान के बीच गुरुवार को एक बार फिर से मंत्रालय ने मामले पर पूरी स्थिति को तथ्यों और उदाहरण के साथ दो टूक अंदाज में साफ कर दिया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, पासपोर्ट कभी भी नागरिकता का प्रमाण नहीं रहा है। इस संबंध में मोदी सरकार ने बीते 12 वर्षों में न तो कोई नया निर्णय लिया है और न ही पुराने नियम कायदों में कोई बदलाव किया है। 1967 का पासपोर्ट अधिनियम और वर्ष 2013 में आया बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला आज भी जस का तस बरकरार है।

## कपिल सिब्बल की पोस्ट पर मचा बवाल

दरअसल सोशल मीडिया में यह पूरा मामला राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल की उस एक्स पोस्ट के बाद सामने आया। जिसमें उन्होंने केंद्र



सरकार पर गंभीर सवालिया निशान लगाते हुए विदेश मंत्रालय के बयान का उल्लेख किया। सिब्बल के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के 24 जून के बयान के हिसाब से पासपोर्ट एक यात्रा दस्तावेज से और ज्यादा कुछ नहीं है। ऐसे में यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। तो फिर नागरिकता का प्रमाण कौन सा दस्तावेज है? इस लिहाज से देखें तो बीएलओ भी मेरी नागरिकता पर शक कर सकता है और मुझे वोट देने से वंचित कर सकता है। नतीजा यह होगा कि भाजपा चुनाव में विजयी हो जाएगी।

## पहले खारिज हुआ था आधार कार्ड

यहां बता दें कि चुनाव आयोग की एसआईआर से संबंधित मतदाता सूची में संशोधन को लेकर हुई सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि आधार कार्ड नागरिकता का एक पुख्ता प्रमाण नहीं है। यह केवल एक पहचान पत्र है। जबकि 20 दिसंबर 2019 को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने मामले पर एक व्यापक स्पष्टीकरण जारी किया था। जिसमें नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजंस (एनआरसी) और सिटीजनशिप संशोधन कानून (सीएए) को लेकर तत्काल आधार पर पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया गया था। जिसमें बताया कि नागरिकता को जन्म की तिथि और जन्म स्थान में से किसी भी दस्तावेज को जमा कर प्रमाणित किया जा सकता है। लेकिन अभी तक इस बाबत कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि इन्हें नागरिकता प्रमाणों के रूप में स्वीकार किया जाएगा या नहीं।

डिजिटल अरेस्ट का गोरखधंधा

# 16 राज्य, 80 छापे, गिरफ्तार महज 2 सीबीआई ने दी देशभर में दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



देशभर में तेजी से फैल रहे 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ सीबीआई ने बड़ा अभियान चलाते हुए 16 राज्यों में 80 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी की है। ऑपरेशन चक्र-6 के तहत की गई इस कार्रवाई में सीबीआई ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन पर फर्जी कंपनियां बनाकर और म्यूल बैंक खातों के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी की रकम को खपाने का आरोप है। गृह मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2024 में भारतीय नागरिकों ने साइबर ठगी में 22 हजार 845 करोड़ रुपये से अधिक गंवाए। यह 2023 के मुकाबले लगभग 206 फीसदी की बड़ी वृद्धि है। राज्यसभा में गृह मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले 5 वर्षों (2021-2025) में साइबर ठगी की 65 लाख 9 हजार शिकायतें दर्ज हुईं। हर क्लास के लोगों से ठगों ने 55 हजार 659 करोड़ रुपए जैसी बड़ी रकम ठग लिए। यही वजह है के केंद्र सरकार ने आधुनिक युग के इस आधुनिक अपराध को बेहद संजीदगी से लिया है। सीबीआई ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों से जुड़े साइबर अपराध नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए 60 विशेष जांच टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, कर्नाटक और ओडिशा में एक साथ तलाशी अभियान चलाया।

## 200 से अधिक डिजिटल अरेस्ट मामलों से जुड़े तार

जांच एजेंसी के अनुसार यह कार्रवाई 200 से अधिक डिजिटल अरेस्ट मामलों से जुड़े एक संगठित नेटवर्क की जांच का हिस्सा है। इस नेटवर्क के सदस्य खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग या न्यायालय का अधिकारी बताकर लोगों को डराते थे और उन्हें कथित कानूनी कार्रवाई या गिरफ्तारी का भय दिखाकर बड़ी रकम ठग लेते थे।

## फर्जी अदालत आदेश और सरकारी दस्तावेज बरामद

सीबीआई ने अत्याधुनिक फोरेंसिक तकनीकों और डिजिटल विश्लेषण के माध्यम से देश और विदेश में फैले अपराधियों के नेटवर्क की पहचान की है। जांच में सामने आया कि आरोपी लोगों को झांसा देने के लिए अदालतों और विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के नाम से मिलते-जुलते फर्जी आदेश, नोटिस और अन्य दस्तावेज तैयार कर उन्हें भेजते थे।

## सुप्रीम कोर्ट जैसी फर्जी वेबसाइट का खुलासा

जांच के दौरान सीबीआई ने एक ऐसी फर्जी वेबसाइट का भी पर्दाफाश किया, जिसका यूआरएल भारत के सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट से काफी मिलता-जुलता था। आरोपियों ने इस वेबसाइट का उपयोग लोगों को यह विश्वास दिलाने के लिए किया कि उनके खिलाफ अदालत की कार्रवाई चल रही है और उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है।

## विदेशी नागरिक भी बने ठगी का शिकार

सीबीआई को ऐसे संकेत भी मिले हैं कि इस नेटवर्क ने केवल भारतीय नागरिकों को ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों के नागरिकों को भी निशाना बनाया है। एजेंसी ने कहा कि संबंधित देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उचित माध्यमों से इस संबंध में सूचित किया जा रहा है।

## साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई जारी

सीबीआई ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट और अन्य साइबर ठगी के मामलों में इस्तेमाल होने वाले बुनियादी ढांचे को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए अभियान जारी रहेगा। एजेंसी का कहना है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाना उसकी प्राथमिकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, हाल के वर्षों में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी के मामलों में तेजी आई है, जिसमें अपराधी लोगों को वीडियो कॉल, फर्जी नोटिस और सरकारी एजेंसियों का डर दिखाकर करोड़ों रुपये की ठगी को अंजाम देते हैं। सीबीआई की यह कार्रवाई ऐसे संगठित साइबर अपराध नेटवर्क के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े अभियानों में से एक मानी जा रही है।

42 दिनों में 11 राज्यों के 22 स्टूडेंट्स का सुसाइड

# एक और नीट छात्र ने की इहलीला समाप्त, वीडियो में बोला- मां माफ कर देना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- महाराष्ट्र के हिंगोली की घटना, मोबाइल पर बनाया वीडियो भी

महाराष्ट्र के हिंगोली में 18 वर्षीय छात्र सुशील धागे ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों के अनुसार, घटना से पहले उसने अपनी मां के लिए मोबाइल फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। सुशील ने हाल ही में नीट यूजी की दोबारा परीक्षा भी दी थी। एक अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि शहर के अष्टविनायक नगर इलाके में रहने वाले धागे (18) ने बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे एक कुएं में छलांग लगा दी। उन्होंने कहा कि आत्महत्या करने से पहले,



सुशील ने अपनी मां से माफी मांगते हुए 33 सेकंड के वीडियो में कहा, 'मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं और आप (मां) चिंता न करें। अगले जन्म में, मैं आपकी संतान के रूप में जन्म लेना चाहता हूं। सुमेध के साथ रहना। मुझे माफ कर देना।'

## परिवार ने नीट री-एग्जाम को बताया वजह

परिवार का कहना है कि छात्र को दोबारा हुई परीक्षा काफी कठिन लगी थी, जिसके कारण वह तनाव में था। फिलहाल मामले की जांच जारी है। हिंगोली सिटी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'परिवार की शिकायत में नीट की दोबारा परीक्षा का जिक्र है। हम मामले की जांच कर रहे हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या परीक्षा और इस घटना के बीच कोई संबंध है।' प्रश्न पत्र लीक होने की चल रही जांच के बीच 3 मई को हुई पिछली परीक्षा रद्द होने के बाद एनटीए ने 21 जून को नीट की दोबारा परीक्षा आयोजित की थी।





सारा की नाक बहुत तेज थी। वह झट से बता देती थी कि यह किस सब्जी, फल-फूल या मिठाई की खुशबू है। यहां तक कि यह भी बता देती थी कोई इत्र किस फूल का है। लेकिन एकाएक सारा की खुशबू पहचानने की क्षमता गायब हो गई। उसे लगा, उसके आस-पास बिखरी खुशबू कोई चुरा ले गया। क्या वास्तव में कोई खुशबू चोर था? बच्चो, पढ़ो बहुत प्यारी-सी कहानी।



# खुशबू चोर को पकड़ो



कहानी
सूर्यनाथ सिंह

सारा गांव, सारा की नाक का कायल था। किसके घर में किस चीज की सब्जी बन रही है, कौन-सी दाल पक रही है, सारा दूर से ही सूंघ कर पहचान लेती थी। यहां तक कि कौन, किस साबुन से नहा कर आया है, वह झट से बता देती। सारा की आंखें बंद करके मिठाई की दुकान में खड़ा कर दो, तो वह सूंघ कर बता देती कि कौन-सी मिठाई कहां रखी है। वह बहुत सारी खुशबुओं की मिली-जुली गंध में से भी अलग-अलग खुशबुओं की पहचान कर सकती थी। उसे इत्र की दुकान में खड़ा कर दो, तो वह बता देती कि वहां कितने तरह के फूलों के इत्र रखे हैं। मोगरा, चमेली, गुलाब, केवड़ा, रातरानी, चंपा, चंदन, हरसिंगार, ऐसा कोई भी फूल-फल, जड़ी-बूटी नहीं, जिसकी गंध सारा को मालूम नहीं।

सारा के तो सपनों में भी सुगंध आती। उसे सपने भी फूलों से भरे बाग-बगीचों के ही आते। सपने में देखती कि वह तरह-तरह के फूलों से भरे सुंदर बगीचे में घूम रही है। वहां बहुत सारी रंग-बिरंगी तितलियां उड़ रही हैं। भंवरे गुनगुना रहे हैं। उसे सपने में अकसर कोई ऐसी तितली नजर आ जाती, जैसी उसने पहले कभी नहीं देखी। कोई तितली आकर सारा के सिर पर बैठ जाती, तो कोई देर तक उसकी हथेली पर बैठी रहती। कभी-कभी तो उसे लगता कि किसी तितली ने कहीं दूर से कोई खास गंध लाकर उसकी हथेली पर रख दी है। वह तितली शायद उस गंध के बारे में सारा को कुछ बताने की कोशिश भी करती। लेकिन अफसोस कि सारा को उसकी बात समझ नहीं आती।

गांव वाले सारा की गंध सूंघने की क्षमता की तारीफ करते, तो उसे बहुत अच्छा लगता। मगर एक अफसोस उसके मन में सदा बना रहता कि वह तितलियों से बातें नहीं कर पाती। अगर वह तितलियों की जुबान समझती, तो शायद उसे तरह-तरह की सुगंध के बारे में बहुत सारी जानकारियां मिल पातीं। वह हमेशा यही सोचती रहती कि किस तरह तितलियों की भाषा समझी जा सकती है। उसने मम्मी से पूछा, पापा से पूछा, मंदिर के पुजारी से पूछा। लेकिन किसी ने कोई ऐसा तरीका नहीं बताया, जिससे तितलियों की जुबान समझी जा सके।

एक दिन सारा ने अपनी सबसे प्यारी अध्यापिका से भी पूछा कि तितलियों की बातें कैसे समझी जा सकती हैं? उन्होंने कहा, 'तितलियों की भाषा को कूट रूप में समझने के आंकड़े उपलब्ध हैं। विज्ञान ने इस पर बहुत काम किया है। तुम अपनी विज्ञान की अध्यापिका से पूछो, वह ठीक से बता पाएंगी।' लेकिन सारा को तो विज्ञान अध्यापिका जरा भी पसंद नहीं थीं। एक तो उनका स्वभाव बहुत रूखा था, फिर उनका पूरा जोर इस बात पर होता कि जो बातें किताब में लिखी हैं, उन्हीं पर ध्यान केंद्रित करो। किताब की बातें अगर ठीक से समझ गए, तो आगे का रास्ता बहुत आसान हो जाएगा। किताब से बाहर की बातों पर वे कक्षा में बातें ही नहीं करतीं। जबकि, सारा के पास तो किताबों से बाहर की बातें ही ज्यादा होतीं। दूसरे, सारा का विज्ञान और गणित से भी छत्तीस का ही रिश्ता था। विज्ञान के सिद्धांत उसे बिलकुल पल्ले नहीं पड़ते थे। इसलिए सारा ने तितलियों की भाषा समझने के लिए विज्ञान अध्यापिका से ज्ञान लेने की कोशिश नहीं की।

सारा का अनुभव किताबों के ज्ञान से बड़ा था। वह बड़े गर्व से सबको बताती कि सारा संसार सुगंध से भरा है। इस धरती पर ऐसी कोई वस्तु नहीं, जिसकी अपनी कोई खास गंध न हो।

सारा सुगंध के अपने सुगंधित अनुभवों के साथ बड़ी हो रही थी। वह जैसे-जैसे बड़ी हो रही थी, वैसे-वैसे उसके अनुभव भी बड़े हो रहे थे। अनुभव बदल भी रहे थे। उसके सपनों की दुनिया भी बदल रही थी। ऐसे ही बदलते अनुभवों और सपनों के बीच एक रात उसे सपना आया कि वह एक ऐसी जगह पहुंच गई है, जहां कोई खुशबू नहीं। दुर्गंध ही दुर्गंध है। चारों तरफ सड़ी-गली, बदबूदार चीजें बिखरी हुई हैं। दूर-दूर तक कोई फूल नहीं, कोई पेड़-पौधा नहीं, हरी घास का तिनका तक नहीं। सब तरफ कचरे का काला बजबजाता वातावरण। तेज, तीखी दुर्गंध से उसकी नाक जैसे जलने लगी थी। वह नींद में पसीने-पसीने हो गई। नींद खुल गई। वह उठ कर बिस्तर पर बैठ गई थी। पहली बार उसे बोध हुआ कि सारा संसार सुगंध से भरा नहीं है। दुनिया में बहुत कुछ बदबूदार भी है। उस सपने के बाद सारा कुछ उदास हो गई थी। गंभीर रहने लगी थी। उसके भीतर अपने आस-पास के बाहर की दुनिया को जानने की जिज्ञासा जोर मारने लगी थी। तब उसे किताबों की बातों पर भरोसा कुछ बढ़ गया था।

ऐसे ही एक दिन, सारा सोकर उठी तो महसूस किया कि उसे किसी भी चीज की गंध नहीं आ रही। वह घबरा गई। वह भागी फूलों के बगीचे की तरफ। उसे वहां भी कोई गंध महसूस नहीं हुई। उसने एक-एक फूल को पकड़ कर, नाक से लगा कर सूंघना शुरू किया। लेकिन उनमें पहले जैसी खुशबू नहीं रह गई थी। सारा परेशान हो गई। उसे लगा कि संसार की सुगंध किसी ने रातों-रात चोरी कर ली है। वह वहीं बगीचे में बैठ कर रोने लगी। कुछ देर रोते रहने के बाद उसने अपने आंसू पोंछे और घर लौट आई। मां को बताया, पापा को बताया कि कोई फूलों की खुशबू चुरा ले गया है। उसे किसी भी चीज से कोई खुशबू नहीं आ रही। मम्मी-पापा को हैरानी तो हुई, पर सारा की बात समझ में नहीं आई। उन्होंने सोचा, सारा बच्ची है, और बच्चों को इस तरह के ख्याल इस उम्र में आते ही रहते हैं। कोई फूलों की खुशबू कैसे चुरा सकता है! उन्होंने सारा को यह बात समझाने की कोशिश भी की, लेकिन सारा भला कहां समझने वाली थी। उसे तो किसी भी तरह खुशबू चोर को पकड़ना था। सारा के मौसा पास के थाने में थानेदार थे। पापा को लेकर सारा उनके पास पहुंच गई। उसने बड़े अधिकार भाव से कहा कि खुशबू चोर को पकड़िए। पहले तो मौसा हंसे, फिर गंभीर हो गए। उन्होंने सारा के पापा को समझाया, 'इसे किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाओ। यह किसी बीमारी का लक्षण लगता है।'


एआई इमेज

सारा को डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने बहुत सारी जांचें करवाईं। जांच में सब कुछ सामान्य था। सारा के मम्मी-पापा ने राहत की सांस ली कि उसे कोई बीमारी नहीं है। लेकिन सारा की समस्या तो जस की तस बनी हुई थी। तब डॉक्टर ने उसे समझाया, 'तुमने विज्ञान की किताब में तो पढ़ा ही होगा कि भाप बन कर उड़ने वाले सूक्ष्म बैक्टीरिया सुगंध या किसी भी तरह की गंध को पैदा करते हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु में हो रहे तेजी से बदलाव की वजह से बहुत सारे हानिकारक बैक्टीरिया पैदा हो रहे हैं, तो बहुत सारे बैक्टीरिया नष्ट भी हो रहे हैं। प्रदूषण फैलता हुआ तुम्हारे गांव तक आ गया है, जो खुशबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मार रहा है। इसीलिए, अब फूलों की खुशबू पहले की तरह वातावरण में नहीं फैल पाती। तुम्हारी खुशबू चुराने वाला कोई और नहीं, यह पर्यावरणीय प्रदूषण है।'

डॉक्टर की बातें सुनकर सारा की चिंता और बढ़ गई। वह सोचने लगी कि इस खुशबू चोर को कैसे पकड़े और सजा दे। वह फिर से फूलों में खुशबू भरने के उपाय सोचने लगी थी। दिन-रात किताबों में डूबी रहने लगी। उसे विश्वास था कि एक न एक दिन, उसके चारों तरफ फिर से उसी तरह सुगंध तैरेगी, जिस तरह पहले तैरा करती थी। वह उस खुशबू चोर के बारे में जितना पढ़ती, समस्या समाधान का उसका हौसला उतना ही बढ़ता जाता। *

---

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## मानसून कब तक आएगा!

सूरज तमक रहे तमतम जी,
पल-पल होते और गरम जी।
सीधी-तिरछी तीखी-किरणें,
जमकर मचा रहीं ऊधम जी।
नाच रही लू वाली लपटें,
दिखा रहीं अपना दमखम जी।

घर से जरा देर से निकले,
हुए पसीने में तर हम जी।
मानसून कब तक आएगा,
कब करवट लेगा मौसम जी।
कब छाएंगे काले-बादल,
कब होगी वर्षा झम-झम जी।


एआई इमेज

---

प्राकृतिक आश्चर्य
नयनतारा

बच्चो, तुमने रेनबो जरूर देखा होगा और माउंटेन भी! आज हम तुम्हें एक अनोखे माउंटेन के बारे में बता रहे हैं, जो रेनबो जैसा दिखता है।

## रेनबो जैसा दिखने वाला अनोखा माउंटेन विनीकुंका

बच्चो, कुछ लैंडस्केप इतने खूबसूरत, इतने अद्भुत-अविश्वसनीय होते हैं कि उन्हें देखकर आंखें खुली की खुली रह जाती हैं। ऐसा लगता है कि किसी ने उसे रंगों से सजाया-संवारा है। हमारी पृथ्वी पर ऐसी अनेक अद्भुत-अविश्वसनीय जगहें हैं।

**रेनबो माउंटेन विनीकुंका:** पेरू की एंडीज पर्वत श्रृंखला में 5 हजार मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर स्थित एक पहाड़ है, जिसका नाम है- विनीकुंका। इस पहाड़ को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है मानो किसी ने इसे अलग-अलग रंगों से पेंट कर दिया हो। इस पहाड़ की ढलान पर अनेक रंग हैं, जो रोशनी और दूरी के हिसाब से बदलते हुए नजर आते हैं।



अपने नेचुरल कलरफुल ढलानों की वजह से इस रंग-बिरंगे पहाड़ को देखते हुए ऐसा लगता है, जैसे हम किसी इंद्रधनुषीय पर्वत (रेनबो माउंटेन) को देख रहे हों। इसीलिए इसे रेनबो माउंटेन कहा जाता है।

**कहां से आए रंग:** अब सवाल यह है कि इस रेनबो माउंटेन में आखिर इंद्रधनुषीय रंग आए कहां से? बच्चो, सदियों से खनिजों की जो परतें इस पहाड़ पर बनी हैं, उनकी वजह से इसके लैंडस्केप पर अलग-अलग रंग आ गए। आयरन ऑक्साइड की वजह से पहाड़ में लाल रंग नजर आता है तो पीला और सुनहरा रंग सल्फाइड खनिजों की उपस्थिति के कारण दिखता है। हरा रंग क्लोराइट व अन्य कंपाउंड्स की वजह से तो सेडीमेंटरी परतों के मिश्रण से ब्राउन और पर्पल टोन नजर आते हैं। और भी कुछ गहरे-हल्के रंग अलग-अलग खनिज परतों की वजह से इस पहाड़ पर नजर आते हैं।

**हमेशा ऐसा नहीं दिखाई देता था:** आज अपनी खूबसूरती और अनोखेपन की वजह से दुनिया भर में मशहूर विनीकुंका माउंटेन (रेनबो माउंटेन) हमेशा ऐसा नहीं दिखाई देता था। यह लंबे समय तक बर्फ से ढंका रहा। जलवायु परिवर्तन की वजह से कुछ साल पहले जब बर्फ की परत इस पर से हटने लगी तो इसका रंगीन, इंद्रधनुषीय पैटर्न भी दिखाई देने लगा। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, हाल में ही परोपकार, वीरता, बलिदान, दृढ़ संकल्प जैसे मानवीय गुणों की प्रेरणा देने वाली दस कहानियों की किताब 'शौर्य और बलिदान की कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. करुणा पांडे ने लिखा है।

'दृढ़ निश्चय' संकल्प और अपनी मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने को तत्पर एक युवक शतमन्यु की कहानी है। अपने देश को अकाल से मुक्त कराने के लिए वह इंद्र देवता को प्रसन्न करने वाले यज्ञ में अपने बलिदान के लिए सहर्ष तैयार हो जाता है। फिर उसका देश अकाल से कैसे मुक्त होता है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो।



'ऐश्वर्य भोग की लालसा' में तुम ऋषि आत्रेय की कहानी में पढ़ोगे कि ज्यादा सुख-सुविधाओं की लालसा करना किस तरह से अनेक दुखों का कारण बन सकता है। करुणा और दूसरों पर उपकार करने की भावना किस तरह क्रूर व्यक्ति का भी हृदय परिवर्तन कर सकती है, इसे बहुत अच्छी तरह से 'परोपकारी भावना' कहानी में बताया गया है। इसमें तुम पढ़ोगे किस तरह दुष्ट यक्ष शूलपाणि, भगवान महावीर का शिष्य बन जाता है? 'शेर का बच्चा शमशेर' एक बहुत बहादुर और साहसी युवक बालकृष्ण की कहानी है, जो अपनी वीरता के बल पर शेर को हराकर राजा के सामने अपनी बेगुनाही साबित करता है फिर उसी की सेना में बड़ा अफसर बनकर शत्रु देश से युद्ध में वीर गति प्राप्त करता है। इनके अलावा 'पिता का मंत्र' और 'शरणार्थी के लिए बलिदान' जैसी कहानियां भी प्रेरित करने वाली हैं। *

**किताब:** शौर्य और बलिदान की कहानियां (बालकथा संग्रह), **लेखिका:** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी

---

## बूझो तो जानें



1. वर्षा के थमते ही नभ में
आता है मुस्कान लुटाता,
इसको प्यारा, उसको प्यारा
रखे सात रंगों से नाता!




2. आदिकाल से जब से दुनिया
बादल की वह बनी सहेली,
जिस पर गिरे तबाही लाती
कड़कदार है नार-नवेली!

3. सभी जानते नौ ग्रह होते
इन सबका वह मुखिया,
उसके बिना असंभव जीवन
जल्दी बूझो मुनिया!

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1. इंद्रधनुष, 2. बिजली, 3. सूरज

---



## जीके क्विज-211

1. असम के किस पारंपरिक वाद्य यंत्र को हाल ही में जीआई टैग दिया गया है?
2. इस साल टाइम मैग्जीन के 100 सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों की सूची में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी कौन है?
3. वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष का नाम क्या है?
4. क्रिस्टियानो रोनाल्डो किस खेल के विश्वप्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
5. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. लोकसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?
7. भारत का पहला परमाणु परीक्षण कहां हुआ था?
8. भारत का अंतिम मुगल सम्राट कौन था?
9. कंचनजंगा पर्वत किस राज्य में स्थित है?
10. किस देश को 'सूर्योदय का देश' कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-211 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-210 का उत्तर:** 1.जनरल उपेंद्र द्विवेदी, 2.मेक्सिको सिटी, 3.स्लोवाकिया, 4.परमवीर चक्र, 5.बेंगलुरु, 6.शाहजहां, 7.आर्कटिक सागर, 8.एंपीयर, 9.परम 8000, 10.11 खिलाड़ी

**जीके क्विज-210 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, जमुना-बलौदा बाजार, मेघा-ईमेल से, कबीर-हिसार, मोहनीश-गरियाबंद, कुसुम-रायपुर, रजत-बिलासपुर, ईशान-भोपाल, प्रवीण-रोहतक, साकेत-दुर्ग, हर्ष-महासमुंद, रानी-दुर्ग

---

रोचक जानकारी
वीना

बच्चो, अपने देश में स्थित 'मैंगो कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' और 'मैंगो सिटी' के नाम से मशहूर दो अलग-अलग स्थानों के बारे में जानो।

## अपने देश में कहां हैं मैंगो सिटी-मैंगो कैपिटल

बच्चो, इन दिनों तुम मीठे-रसीले आम खूब मजे लेकर खा रहे होगे। अपने बेमिसाल स्वाद और गुणों के कारण आम फलों का राजा कहलाता है। क्या तुम जानते हो अपने देश में एक ऐसा शहर भी है, जिसे इंडिया का 'मैंगो सिटी' के नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, अपने देश में एक ऐसी जगह भी है, जिसे 'मैंगो कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' यानी 'दुनिया की आम राजधानी' के रूप में जाना जाता है।

**मालदा है मैंगो सिटी:** भारत के पश्चिम बंगाल में एक जिला है-मालदा। यहां की जलवायु और मिट्टी आम के उत्पादन की दृष्टि से बहुत ही अनुकूल है। इस शहर में आम की अलग-अलग किस्मों, जैसे- फजली, लंगड़ा आदि की बड़ी मात्रा में पैदावार होती है। बच्चो, तुम्हें बता दें कि एक बेहद लोकप्रिय और स्वादिष्ट किस्म के आम का नाम इसी शहर के नाम पर 'मालदा' पड़ा है। आम की बेहतरीन किस्मों की भरपूर पैदावार होने के कारण ही मालदा को इंडिया का 'मैंगो सिटी' यानी 'आम का शहर' के नाम से भी जाना जाता है।



**वर्ल्ड का मैंगो कैपिटल-मलीहाबाद:** बच्चो, भारत के राज्य उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पास एक छोटा-सा खूबसूरत कस्बा है मलीहाबाद। यह कस्बा दुनिया की 'आम राजधानी' यानी 'मैंगो कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' के नाम से मशहूर है। मलीहाबाद में आम उगाने की एक पुरानी परंपरा रही है, जिसका इतिहास नवाबों के दौर यानी मुगल काल से जुड़ा हुआ है। यहां की आबोहवा और उपजाऊ मिट्टी आम की खेती के लिए बहुत अनुकूल है। इस कारण यहां पैदा होने वाले आमों की मिठास, मनमोहक खुशबू और मुलायम गूदे का कोई मुकाबला ही नहीं है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि मलीहाबाद की शान माने जाने वाले दशहरी आम का 200 साल पुराना 'मातृ पेड़' (मदर ट्री) आज भी यहां शान के साथ खड़ा हुआ है। दशहरी के अलावा यहां उगने वाले अन्य किस्म के आम भी बहुत स्वादिष्ट होते हैं, जिनमें लंगड़ा, चौसा, सफेदा और आम्रपाली प्रमुख हैं। *

---

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।




उत्तर: 1.आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 2.गोल करने वाले लड़के की आंखें बंद हैं। 3. लड़के की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 4. लड़के के दाहिने पैर के जूते में भी दो धारियां बनी हुई हैं। 5. मैदान में आगे घास कुछ कम दिख रही है।

---

## राइमिंग वर्ड्स सोचो



बच्चो, यहां चित्र में दिख रहे जंतुओं-वस्तुओं के नाम एक ही राइम में हैं। तुम ऐसे ही कुछ और नाम बताओ, जो इन राइम्स से मैच करते हों।






## जैकेट के शेष

### 8 हत्याओं के पीछे ....

पेश करने के लिए 90 दिनों का समय होता है, चालान पेश किए जाने तक वह जांच करेगी। एसपी ओमप्रकाश शर्मा ने मंगलवार को प्रेस कॉंफ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया। परंतु गांव वाले सवाल कर रहे हैं कि क्या अकेला व्यक्ति इतने बड़े घटना को अंजाम दे सकता है या फिर और भी लोग इस सीरियल किलिंग के पीछे हैं, जिनके ऊपर से पर्दा उठना अभी बाकी है।

**सामान्य लोगों की तरह थी जीवन शैली** : आरोपी रामसहाय जायसवाल का जीवन एक सामान्य व्यक्ति की तरह ही था। उनके परिवार में उसकी पत्नी, दो बेटे और एक बहू है। बड़े बेटे का विवाह हो गया है। गाँव के घर में ही एक किराना दुकान है, जहाँ वह अपने छोटे बेटे के साथ दुकान चलाता था। छोटा बेटा यश जायसवाल स्कूल में पढ़ाई करता है। वहीं बड़ा बेटा रुद्रेश्वर जायसवाल कसडोल में किराना दुकान चलाता है। अपराधी के तीन और भाई हैं जो कि अपने अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं।

**जांच अभी बाकी, कार्रवाई की जाएगी** : इस पूरे घटनाक्रम की जांच अभी बाकी है। अपराधी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। अभी फोरेंसिक रिपोर्ट और कई शवों का पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आना बाकी है। विभाग द्वारा जांच जारी है। जैसे जैसे तथ्य सामने आते हैं आगे कार्यवाही की जाएगी।

- **प्रवीण मिंज**, थाना प्रभारी, पुलिस थाना कसडोल

### ग्रामीणों ने कई ....

ग्रामीणों का कहना है बुधराम का खेत ही वैसा नहीं है जिस पर विवाद की स्थिति बने। महेतरु राम साहू जिस पर चुनावी रंजिश की बात कही गई थी। इसे ग्रामीणों ने सिरे से नकार दिया है क्योंकि इस बार पंचायत का सीट आरक्षित था, जिस पर आदिवासी समाज से ही प्रतिनिधि का चुनाव होना था। इसलिए विवाद का सवाल नहीं है। फिलहाल पुलिस की जांच चल रही है अब देखना यह है कि इस हत्याकांड में और क्या सामने आता है है।

### छत्तीसगढ़ में यूसीसी ....

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, विधि विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को सदस्य बनाया गया है।

**भाजपा के चुनावी वादे की दिशा में कदम** : छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। राज्य में सरकार बनने के बाद यह पहला औपचारिक कदम माना जा रहा है, जिसके जरिए यूसीसी लागू करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता कानून लागू किया है। वहां जनवरी 2025 से यूसीसी प्रभावी हो चुका है। अब छत्तीसगढ़ उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां इस विषय पर औपचारिक तैयारी शुरू हो गई है।

**क्या है समान नागरिक संहिता** : समान नागरिक संहिता का अर्थ सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, भरण-पोषण और दत्तक ग्रहण जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानून लागू करना है। वर्तमान में भारत में विभिन्न धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू हैं।

### समिति के जिम्मे ....

विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से राय लेगी। अन्य राज्यों में लागू या प्रस्तावित समान नागरिक संहिता की व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगी। यूसीसी का प्रारूप तैयार कर राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी। आवश्यक विधायी और प्रशासनिक अनुशंसाएं भी देगी।

### एक मिनट में ...

से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा, कई इमारतें पूरी तरह ढह गई हैं और बचाव अभियान जारी है। ला गुएरा राज्य एक भीषण त्रासदी का सामना कर रहा है और व्यापक स्तर पर तबाही झेल रहा है। भूकंप का असर पड़ोसी देशों तक महसूस किया गया, और ब्राजील के अमेजन क्षेत्र में भी कई इमारतों को खाली कराया गया। वेनेजुएला के लाखों एंटरॉयड यूजर्स को भूकंप आने से पहले ही गूगल ने अलर्ट कर दिया था।

### 126 साल बाद ....

था। वहीं, दूसरे भूकंप की तीव्रता को 7.5 मापा गया था। यह दूसरा भूकंप करीब 1 मिनट बाद ही आया था। इससे पहले 29 अक्टूबर 1900 को वेनेजुएला में 7.7 की तीव्रता वाला भूकंप आया था।

### एसी ब्लास्ट से ....

बजे अचानक बेडरूम में लगे विंडो एसी के कंप्रेशर में जोर का धमाका हुआ। विस्फोट के साथ ही कमरे में आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरे घर में फैल गई। आग के साथ उठे घने धुएं ने घर को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया, जिससे भीतर मौजूद पिता-पुत्र को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया।

**जब उठी आग की लपटें तो पहुंचे मोहल्लेवासी** : प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग नींद से जाग गए। घर से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन मदद पहुंचने में देरी होने पर लोगों ने खुद मोर्चा संभाला। सबसे पहले घर की बिजली सप्लाई बंद की गई और फिर बाल्टियों के सहारे आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

### बाथरूम तक ....

वहीं उनका बेटा राजवीर गंभीर रूप से झुलस गया। पड़ोसियों ने किसी तरह उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### रात में मनाई ....

आपातकालीन व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि सूचना देने के काफी समय बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। लोगों का कहना है कि यदि राहत दल समय पर पहुंच जाता तो नुकसान कम हो सकता था।

## पेज एक के शेष

### छग में मिलेगी अब ....

है। खास बात ये भी है कि इन नए कारोबार से सरकार को राजस्व के रूप में भी एक बड़ी राशि मिलेगी। यही नहीं, इससे पर्यटन, आतिथ्य उद्योग और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। देश के कई राज्यों में पहले से संचालित माइक्रो ब्रुअरी मॉडल को अब छत्तीसगढ़ में भी लागू किया जा रहा है।

**सामान्य बीयर से कैसे अलग है क्राफ्ट बीयर** : क्राफ्ट बीयर छोटे बैचों में सीमित मात्रा में तैयार की जाती है, जिससे उसके स्वाद, गुणवत्ता एवं ताजगी पर विशेष ध्यान दिया जाता है। सामान्य औद्योगिक बीयर की तुलना में इसमें प्राकृतिक माल्ट, हॉप्स एवं अन्य गुणवत्तापूर्ण अवयवों का उपयोग अधिक होता है तथा इसे अक्सर उसी परिसर में तैयार कर ताज़ा परोसा जाता है। परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को विविध फ्लेवर, गुणवत्ता एवं अधिक ताज़ा उत्पाद उपलब्ध होता है।

### क्या है माइक्रो ....

है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और गोवा जैसे राज्यों में माइक्रो ब्रुअरी पहले से लोकप्रिय है। विशेष रूप से बेंगलुरु को देश की क्राफ्ट बीयर राजधानी माना जाता है। अब छत्तीसगढ़ भी इस सूची में शामिल होने जा रहा है।

### कम से कम 4 ....

संबद्ध रेस्तरां का संयुक्त क्षेत्रफल कम से कम 4 हजार वर्गफीट होना आवश्यक होगा। इसके साथ ही भवन में अग्नि सुरक्षा, उपकरणों की सुरक्षा और अन्य नियामकीय मानकों का पालन अनिवार्य किया गया है।

### सालाना 10 लाख ....

राजस्व मिलेगा। माइक्रो ब्रुअरी को रोजाना एक हजार लीटर उत्पादन की अनुमति होगी। माइक्रो ब्रुअरी के एक उत्पादित क्राफ्ट बीयर पर 60 प्रति बल्क लीटर उत्पाद शुल्क देय होगा, जबकि इसके एक गिलास की अनुमानित कीमत ढाई से तीन सौ रुपए तक हो सकती है।

### पासपोर्ट के लिए ....

लिए 5,000 रुपए का भुगतान करना पड़ेगा। मौजूदा समय में 36 पन्नों के नये सामान्य पासपोर्ट या इतने ही पन्नों के पासपोर्ट को पुनः जारी किए जाने के लिए सामान्य आवेदन शुल्क 1,500 रुपए, जबकि तत्काल शुल्क 3,500 रुपए है।

### मीणा बस्तर रेंज...

जिलों में एसपी और एसएसपी रह चुके हैं। वे बिलासपुर और दुर्ग रेंज के आईजी सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

### मानसून देगा ....

और बिहार के बाकी हिस्सों, और उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

### बस्तर में खुले....

नहीं पहुंचाया गया है, जिससे इसके मानसून की चपेट में आने की आशंका है। समर्थन मूल्य को आधार माना जाए तो केंद्रों में शेष धान की कीमत 100 करोड़ रुपए से अधिक है। लंबे समय तक धान के खुले अथवा अस्थायी भंडारण में पड़े रहने से खराब होने, नमी बढ़ने, वजन कम होने तथा गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा है। इसका सीधा आर्थिक असर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों पर पड़ सकता है। धान के सुरक्षित भंडारण, रखरखाव और निगरानी में समितियों को अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है।

### गांजे से तस्कर ....

सहित अन्य परिजन की संपत्ति भी शामिल है। आरोप है कि तस्कर ने गांजा तस्करी की कमाई से अपने तथा अपने परिवार के लोगों के नाम से संपत्ति अर्जित की थी। पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद सफेमा की यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। नार्थ डीसीपी मयंक गुर्जर के अनुसार हेमराज राव की संपत्ति अटैचमेंट करने की कार्रवाई की गई है। उसके खिलाफ उरला सहित अन्य थाना क्षेत्रों में गांजा तस्करी के एक दर्जन से ज्यादा प्रकरण दर्ज हैं। उसके कब्जे से पुलिस ने 9 दिसंबर 2025 को 1.390 किलो गांजा जब्त किया था।

### इन संपत्तियों की जब्ती

- उरला मुख्य मार्ग वार्ड क्र 8 स्थित मकान कीमत लगभग 1 करोड़। - पत्नि अनिता राव के नाम से पंजीकृत ग्राम अछोली में 3 भूमि कुल 914 वर्गमीटर कीमत लगभग 1 करोड़ 54 हजार रुपए। - दोपहिया वाहन कीमत लगभग 90 हजार रुपए। बैंक खाते में होल्ड कराई गई रकम कुल 30 लाख 67 हजार रुपए।

### सीएम साय ने ....

संस्थानों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

दो दिवसीय दिल्ली प्रवास से रायपुर लौटने के बाद संवाददाताओं से चर्चा में सीएम ने कहा, दिल्ली में केंद्रीय नेताओं के साथ छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान बस्तर क्षेत्र के विकास और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद एम्स स्थापित करने की मांग रखी।

### राम मंदिर चंदा .....

एसआईटी में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार चोरी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक षड्यंत्र समेत विभिन्न आरोपों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक / लो.क.वि./2026/646 रिसाली, दिनॉंक-25/06/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 01 से 40 तक टेंट, पंडाल एवं इत्यादि व्यवस्था कार्य (आवश्यकतानुसार) निगम मद। | 190576 | 48.14 | 16.07.2026 |
| 2. | नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत लाईट इत्यादि व्यवस्था कार्य (आवश्यकतानुसार) निगम मद। | 190749 | 19.82 | 16.07.2026 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

**कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

क्रमांक / 546 / लोककर्म / 2026-27, राजनांदगांव दिनांक 25/06/2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा माननीय मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत निम्न कार्यों हेतु आनलाईन निविदाएँ भरने की अंतिम तिथि दिनांक 15/07/2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | राशि रू. (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 194091 | Construction of Sant Kabir Pravesh Dwar at Rajnandgaon City | 30.50 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लोककर्म विभाग से एवं विभागीय वेबसाईट www.mcrjn.com , www.uad.cg.gov.in. एवं https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
राजनांदगांव

**कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

Email:- barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक 423 / लो.नि.शा./ न.पं./2026-27 बारसूर, दिनांकः 25/06/2026

--:: ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::--

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत बारसूर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 194113 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and Construction of Compost Plant in Municipal Areas of Barsur, Chhattisgarh. | 26.67 | 16.07.2026 |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से संपर्क की जा सकती है अथवा कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर जिला द.ब. दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202606210100023 अ/59 वर्ष 2025-2026
ग्राम ढनढनी प.ह.नं. 23

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (सं./स.) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बलौदाबाजार का पत्र क्रमांक/का.अ./ब.बा./सामा./774 बलौदाबाजार, दिनांक 01/06/2026 द्वारा ग्राम ढनढनी प.ह.नं. 23 रा.नि.म. अर्जुनी तहसील बलौदाबाजार स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 440/1 का 60x80 वर्गमीटर रकबा 0.480 हेक्टेयर को नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र निर्माण हेतु आबंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 08/07/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया। मुहर

तहसीलदार
बलौदाबाजार

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि**

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय - कार्यपालन अभियंता (सं/सं.) संभाग छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.क. लिमि कसडोल

क्र. 48-00/ सामा./678 कसडोल, दिनांकः-25/06/2026

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सेल से निकलने वाली 33 के.व्ही. पचरी फीडर में मिड स्पॉन पोल लगाने का कार्य दिनांक 27.06.2026 दिन शनिवार को किया जाना है, जिसके अंतर्गत निम्न फीडर ग्रामों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी – 1. 33/11 के.व्ही. पचरी उपकेन्द्र-पचरी उपकेन्द्र के समस्त फीडर ग्राम उपभोक्ता। 2. 33/11 के.व्ही. धनसीर उपकेन्द्र-धनसीर उपकेन्द्र के समस्त फीडर ग्राम उपभोक्ता। 3. 33/11 के.व्ही. पुरगॉव उपकेन्द्र- पुरगॉव उपकेन्द्र के समस्त फीडर ग्राम उपभोक्ता। 4. एच.टी. कनेक्शन मित्तल स्टोन क्रेशर, गणेश स्टोन क्रेशर, श्याम स्टोन क्रेशर - बिलाईगढ़, आस्था राईस मिल - कारीपाठ व आशीष स्टोन क्रेशर - खपरीडीह। उपरोक्त फीडर के समस्त ग्रामों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10:00 बजे से शाम 02:00 बजे तक बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है, आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

*स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें ।*

(बी. के. वर्मा 91549939)
कार्यपालन अभियंता ( सं. / सं.) संभाग
छ.स्टे. पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल

**पश्चिम मध्य रेल**

नं.: JBP/C/NFR/E-Tender/26, दिनांक: 23.06.2026

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **(1) श्रेणी**: विज्ञापन-आउट ऑफ होम **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-KTE-OH-146-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण** : कटनी रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर-परिसंचरण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण का कार्य (05 वर्ष हेतु)। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय**: 09-07-2026 15:30 बजे **(2) श्रेणी**: विज्ञापन-आउट ऑफ होम **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-PPI-OH-145-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण**: पिपरिया रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर-परिसंचरण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण का कार्य (05 वर्ष हेतु)। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय**: 09-07-2026 15:40 बजे **(3) श्रेणी**: विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-EBW-155494-3-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण**: ट्रेन संख्या 22189/90 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय**: 09-07-2026 15:50 बजे **(4) श्रेणी**: विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (खिडकी के नीचे) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-EBW-127872-4-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण**: ट्रेन संख्या 11705/06 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय**: 09-07-2026 16:00 बजे **(5) श्रेणी**: विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-EBW-288200-1-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण**: ट्रेन संख्या 11701/02 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय**: 09-07-2026 16:10 बजे **(6) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-PPI-OSN-91-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण**: पिपरिया रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय**: 09-07-2026 16:20 बजे **(7) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-SGO-OSN-99-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण**: सागर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय**: 09-07-2026 16:30 बजे **(8) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-NU-OSN-90-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण**: नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय**: 09-07-2026 16:40 बजे. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (वा),पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्रमांक / लो.क.वि./ जोन-4/2026/258/117 **निविदा सूचना** भिलाई, दिनांक 22/6/26

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम क्रं. | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 193611 | वार्ड क्र. 44 गोकुल नगर सुलभ के पीछे से बापू नगर पुलिया तक का चैनेलाईजेशन कार्य। | 88.98 | 06.07.2026 |
| 2. | 193612 | वार्ड क्र. 44 के विभिन्न नालियों में कवर ढक्कन लगाने का कार्य। | 41.93 | 06.07.2026 |
| 3. | 193613 | वार्ड क्र. 44 सड़क एन.ए.वी. नेपाली मोहल्ला सिगड़ी लाईन के पुलिया तक नाला निर्माण कार्य। | 24.73 | 06.07.2026 |

निविदा स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा संख्या.: 102-एसएनटी-परियोजना-निविदा 2026, दिनांकः 29.05.2026

**कार्य का नामः**- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चाम्पा-झारसुगुड़ा खंड में 4x48(एफ) ऑप्टिकल फाइबर केबल बैकबोन के प्रावधान हेतु ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति, परिवहन, खुदाई, बिछाने, बैकफिलिंग, क्षैतिज दिशात्मक ड्रिलिंग, एचडीपीई पाइप डालने, ब्लोविंग, जोड़ने और ऑप्टिकल फाइबर केबल का टर्मिनेशन।

**शुद्धि पत्र-1**: उपरोक्त निविदा संख्या में शुद्धि पत्र-1 दिनांक 18.06.2026 को जारी किया गया है। निविदा खुलने के दिनांक में परिवर्तन किया गया है।

**सशोधित दिनांकः 30.06.2026 को 16.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। उससे देख सकते हैं।

उप मुख्य सि.एवं दूर. इंजी./परियोजना
सीपीआर/10/234 द.पू.म. रेलवे, रायगढ़@बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Telephone 07726-221068 Email Address:- cmobhatapara@rediffmail.com

क्र/234/लो.नि.वि./न.पा.प./2026-27 **:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::** भाटापारा दिनांक 22.06.2026

नगर पालिका परिषद् भाटापारा द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत राशि से कराये जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख) | एस.ओ.आर | बिड डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 193880 | अधोसंरचना मद से 1. नगर पालिका कन्या स्कूल चौक 2. हनुमान मंदिर चौक 3. हाई स्कूल चौक 4. मरवाड़ी कुंआ चौक 5. पटपर चौक में सौंदर्यीकरण कार्य | 122.55 | (AS PER P.W.D. BUILDING S.O.R. WITH EFFECT FROM 01.01.2015) (AS PER P.W.D. ROAD S.O.R. 2025) | 23.07.2026 |
| 2 | 193884 | अधोसंरचना मद से पाथवे निर्माण कार्य (अटल परिसर से डॉबी सरदार का प्लाट) | 49.00 | (AS PER P.W.D. ELECT. S.O.R. W.E.F. 01.06.2020) (AS PER P.W.D. BUILDING S.O.R. WITH EFFECT FROM 01.01.2015) (AS PER PWD ROAD SOR WITH EFFECT FROM 01.01.2025) | |
| 3 | 193893 | अधोसंरचना मद से पाथवे निर्माण कार्य (सेठी कॉलोनी से दीपक मानिकपुरी घर तक) | 49.00 | | |
| 4 | 193895 | अधोसंरचना मद से पाथवे निर्माण कार्य (तनवीर मसीह के घर से रेल्वे क्रासिंग) | 49.00 | | |

टीपः- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

1. जल ही जीवन है, पानी को व्यर्थ ना बहाये 2 खुले में शौच प्रथा बंद कर स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दे

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

**Steel Education Society**

Room No.1, Office of Employee Services, Old Health Centre, Sector -5, Bhilai-490006 Telephone No. 0788-285-8208.

**एडहाक टीचर की नियुक्ति**

स्टील एजुकेशन सोसायटी, भिलाई, द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई स्थित Higher/Senior Secondary स्कूलों के लिए निम्न विषयों के लिए एडहाक टीचर, एकेडेमिक वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं – Physics, Commerce, General Science and Social Science.

इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त विषयों में किसी एक विषय हेतु, निम्न दिए गए किसी एक पद के लिए आवेदन दे सकते हैं:

अनुभवी टीचर (पात्रता – न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव एवं 01 अप्रैल 2026 को आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए)


ट्रेनी टीचर (पात्रता – 55 प्रतिशत के साथ स्नातक या 50 प्रतिशत के साथ स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं बी. एड. डिग्री अनिवार्य)

आवेदन फॉर्म को ऑनलाइन लिंक https://roopadevivegesna.wixsite.com/steel-education-soci द्वारा भरना होगा।

तत्पश्चात, सिस्टम द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी द्वारा घोषित ई-मेल में आवेदन की साफ्ट कॉपी (softcopy) भेजी जायेगी। इस साफ्ट कॉपी का प्रिंट निकालकर उसके साथ अपने जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव से संबंधित सर्टिफिकेट एवं पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न कर दिनांक 11.07.2026, 5.30 P.M. तक सचिव, स्टील एजुकेशन सोसायटी, रूम नम्बर-01, कर्मचारी सेवायें कार्यालय, पुराना हॉस्पिटल बिल्डिंग, सेक्टर-05, भिलाई, पिन कोड-490006 में पोस्ट द्वारा या स्वयं जमा करना होगा।साक्षात्कार की तिथि की सूचना अभ्यर्थी के आवेदन फॉर्म में घोषित ई-मेल पर भेजी जायेगी।

सचिव, स्टील एजुकेशन सोसायटी, भिलाई
संपर्क नं.: 0788-2858208


## राशिफल


**मेष** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।


**वृष** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।


**मिथुन** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।


**कर्क** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**सिंह** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कन्या** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**तुला** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।


**वृश्चिक** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मकर** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।


**मीन** शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 6268



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिज़ूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली - 6267 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6278

मध्यम



**सूडोकु नवताल- 6277 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# आरबीआई का ऐलान, फ्राड का शिकार होने वालों को मिलेगा 25,000 तक मुआवजा

## ग्राहकों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया , नियम 1 जनवरी 2027 से लागू किया जाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। यूपीआई, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और कार्ड पेमेंट करने की वजह से साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में भी लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हर दिन हजारों लोग फर्जी लिंक, नकली कॉल, ओटीपी फ्रॉड और यूपीआई स्कैम का शिकार होकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।

ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब ऑनलाइन ठगी में पैसा गंवाने वालों को बड़ी राहत मिल सकती है। आरबीआई के नए नियमों के मुताबिक, पात्र ग्राहकों को साइबर फ्रॉड के नुकसान की भरपाई के लिए 25,000 रुपए तक की आर्थिक मदद दी जा सकती है। खास बात यह है कि कुछ मामलों में ग्राहक की छोटी गलती होने पर भी राहत मिलने की संभावना रखी गई है, बशर्ते वह समय पर शिकायत दर्ज कराए।

### कब से लागू होंगे नए नियम

आरबीआई ने इस व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है, लेकिन नियम का लागू होना 1 जनवरी 2027 से तय किया गया है। पहले इसे जुलाई 2026 से लागू करने की योजना थी, लेकिन बाद में इसे छह महीने आगे बढ़ा दिया गया। इसका मतलब है कि जनवरी 2027 के बाद होने वाले पात्र डिजिटल फ्रॉड मामलों में यह नियम लागू होगा।






*5 दिन के अंदर करना होगा शिकायत : आरबीआई के नए नियम में समय पर शिकायत दर्ज करना सबसे महत्वपूर्ण शर्तों में से एक है। यदि ग्राहक फ्रॉड होने के बाद पांच दिनों के भीतर बैंक या संबंधित संस्था को शिकायत दर्ज कर देता है, तो उसके मुआवजा पाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। साइबर फ्रॉड का पता चलते ही ग्राहक को तुरंत बैंक हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करनी चाहिए।*

### इतना मिलेगा मुआवजा

आरबीआई के प्रस्ताव और अंतिम ढांचे के अनुसार पीड़ित ग्राहक को हुए नुकसान का 85 प्रतिशत तक या अधिकतम 25,000 रुपए तक मुआवजा दिया जा सकता है। यानी यदि किसी व्यक्ति के साथ 20,000 रुपए का फ्रॉड हुआ है तो उसे नियमों के अनुसार बड़ी राशि वापस मिल सकती है, जबकि 50,000 रुपए तक के नुकसान वाले मामलों में अधिकतम सीमा 25,000 रुपए रखी गई है। हालांकि यह मुआवजा सभी मामलों में नहीं मिलेगा। इसके लिए आरबीआई द्वारा तय शर्तों को पूरा करना होगा।

### ओटीपी शेयर करने से बचे

सिर्फ मुआवजे पर भरोसा करने के बजाय सावधानी बरतना सबसे जरूरी है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी किसी के साथ साझा न करें, स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करने से बचें और बैंक अधिकारी बनकर आने वाली कॉल्स पर भरोसा न करें। इसके अलावा अपने बैंक खाते और यूपीआआ ऐप में उपलब्ध सुरक्षा फीचर्स का इस्तेमाल जरूर करें।

### आरबीआई का नया नियम

इसके अनुसार यदि कोई ग्राहक ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड से जुड़े फ्रॉड का शिकार होता है और उसका नुकसान 50,000 रुपए तक है, तो उसे अधिकतम 25,000 रुपए तक की आर्थिक सहायता मिल सकती है। यह रूल खास तौर पर उन लोगों के लिए बनाया गया है जो छोटी रकम के साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं और अक्सर अपना पैसा वापस नहीं पा पाते।

## भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल हो गई है

# तेल के दाम युद्ध से पहले के स्तर पर, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने से पूर्व के स्तर पर आ गयी है। इससे महंगाई का खतरा कम होने, आयात बिल घटने और सरकार की वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कच्चा तेल आयातक भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल हो गयी है।

वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल, जबकि अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। इससे उस भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी हुई कीमत का असर खत्म हो गया है, जिसके कारण इस साल की शुरुआत में तनाव बढ़ने पर दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

### दोनों में 7.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी

दोनों मानक अब फरवरी के आखिर के स्तर के करीब आ गए हैं। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद बृहस्पतिवार को खुदरा ईंधन के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। हाल ही में वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में तेजी के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

**ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल पहुंची**

**अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आई**

**भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी कीमत का असर खत्म हो गया**

### *डीजल की बिक्री से थोड़ा नुकसान हो रहा*

*हालांकि, उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने अब तक पेट्रोल पंप पर कीमतें कम नहीं की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन खुदरा ईंधन विक्रेता अभी पेट्रोल पर अच्छा विपणन मार्जिन कमा रहे हैं। हालांकि, डीजल की बिक्री से अब भी थोड़ा नुकसान हो रहा है।*




*आपूर्ति का पांचवां हिस्सा इसी मार्ग से : यह गिरावट होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही सामान्य होने के बाद हुई है। इस रास्ते से दुनिया भर की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा आता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में इस जलमार्ग से कम से कम दो करोड़ बैरल तेल गुजरा है और आपूर्ति का प्रवाह युद्ध से पहले के स्तर के करीब पहुंच गया है।*

*कंपनियों ने ढाई महीने तक खुदरा कीमतें स्थिर रखी : कंपनियों ने वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद लगभग ढाई महीने तक खुदरा कीमतें स्थिर रखी थीं और उसके बाद ही कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी की थी। बल्कि आमतौर पर पिछले दो सप्ताह या महीने की औसत तेल कीमतों के आधार पर तय की जाती हैं।*

### जून में तेल की औसत कीमत 86.31 डॉलर प्रति बैरल रही

इस रास्ते से खाड़ी देशों से भारत जैसे देशों को तेल और गैस की आपूर्ति होती थी। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के अनुसार, 24 जून को भारत में आयातित होने वाले कच्चे तेल की औसत कीमत 70.71 डॉलर प्रति बैरल थी। जून महीने के लिए, कच्चे तेल की औसत कीमत 86.31 डॉलर प्रति बैरल रही, जबकि फरवरी, 2026 में यह औसत 72.47 डॉलर प्रति बैरल थी।

## जेएसडब्ल्यू इंफ्रा के क्यूआईपी को 50,350 करोड़ की बोलियां मिलीं

**नई दिल्ली।** सज्जन जिंदल प्रवर्तित जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) को 50,350 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां मिली हैं, जो 7,503 करोड़ रुपये तक के सांकेतिक निर्गम आकार से लगभग सात गुना अधिक है। इस निर्गम का प्रबंधन कर रहे मर्चेंट बैंकरों ने यह जानकारी दी। क्यूआईपी 22 जून को शुरू हुआ। इसमें घरेलू और वैश्विक स्तर के प्रमुख संस्थागत निवेशकों ने मजबूत भागीदारी दिखाई, जिससे देश के बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स अवसंरचना क्षेत्र में निवेशकों की मजबूत रुचि का संकेत मिला है।

### दूरसंचार क्षेत्र में नई मंजूरी आधारित व्यवस्था लागू

**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र में पुरानी लाइसेंस व्यवस्था को समाप्त कर उसकी जगह एक नई 'मंजूरी आधारित रूपरेखा' को लागू करने वाले नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 'टेलीकॉम ई-सर्विसेज पोर्टल' को भी अधिसूचित किया है, जो दूरसंचार अधिनियम के प्रावधानों को डिजिटल रूप से लागू करने में सक्षम बनाएगा।

दूरसंचार अधिनियम के तहत अधिसूचित नियमों में ''दूरसंचार (मुख्य दूरसंचार सेवाओं के प्रावधान के लिए मंजूरी) नियम, 2025'' शामिल हैं। ये नियम दूरसंचार कंपनियों को पुरानी लाइसेंस व्यवस्था से नए मंजूरी आधारित ढांचे में स्थानांतरित करते हैं।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /ब-121/वर्ष 2025-26 — रायपुर, दिनांक 22/06/2026
ग्राम-तेलीबांधा, प.ह.नं. 64
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नगर पालिक निगम, रायपुर क्षेत्रांतर्गत माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अत्यंत महत्वकांक्षी नगरोत्थान योजनांतर्गत रायपुर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य किया जाना है। जिस हेतु तेलीबांधा चौक के पास स्थित भूमि चिन्हांकित की गई है। चिन्हांकित शासकीय भूमि का विररण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | विवरण | खसरा नंबर | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | तेलीबांधा चौक के पास स्थित शासकीय भूमि | 514 प.ह.नं. 64 | 6511.78 वर्गमीटर |

अतः उपरोक्त शासकीय भूमि को नगर पालिक निगम रायपुर को राज्य सरकार नगरोत्थान योजना हेतु आबंटित करने के लिए आप उक्त संबंध में अपना विभागीय अभिमत जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 03/07/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर छ.ग.

## मोदी से मिले अमेजन के सीईओ, अमेजन भारत में करेगा 13 अरब डॉलर का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ई-कॉमर्स कंपनी की 2030 तक भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) व क्लाउड अवसंरचना के विस्तार के लिए अतिरिक्त 13 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश करने की योजना की घोषणा की। जेसी ने भारत के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई। इस नए निवेश से 2026 से 2030 के बीच भारत में अमेजन का कुल पूंजी निवेश 48 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।

## सोना 2,800 रुपए टूटा और चांदी 5,000 रुपए कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को बाज़ार की कमजोर मांग और सुस्त वैश्विक रुख के कारण सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये घट गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जो पहले 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत में भी गिरावट आई और यह 5,000 रुपये घटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई।

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19,
Nava Raipur Atal Nagar, Dist Raipur - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in
नवा रायपुर अटल नगर

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for the following works-

NIT No: 24/SC-P2/EEC1/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 25.06.2026

**Name of Work:** Construction of Nava Raipur Sports Complex-Phase-2 works at Sector-28, Nava Raipur Atal Nagar, District-Raipur, Chhattisgarh. (1st (Call)

**Estimated cost:** INR 73.05 Crs., EMD: INR 73.05 Lakhs, Period of Completion: 18 Months

**Last Time & Date of Online Submission:** 15:00 hrs. on 16.07.2026

The E-Procurement Tender-documents can be downloaded from the Portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**Chief Engineer, NRANVP**

S-48291/1

**कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)**
E-mail Id - cmonpkotba@gmail.com

क्रमांक/185/न.पं./2026-27 **तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना** कोतबा, दिनाँक 25/06/2026

नगर पंचायत कोतबा अंतर्गत निम्न विकास कार्य हेतु निर्माण कार्य कराया जाना है जिसके लिए ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर नम्बर | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (एफडीआर) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथित व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of KOTBA, Chhattisgarh | 194225 | 25.67 | 12,900 | 04-07-2026 13:00 PM | 07-07-2026 16:00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.csstate.gov.in देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। अमानत राशि (टीडीआर / एफडीआर/ डीडी वापसी योग्य नहीं) तथा दस्तावेज उपरोक्त तिथि को नगर पंचायत कोतबा में पंजीकृत/स्पीड डाक से प्रेषित करें।

*नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग*

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोतबा जिला-जशपुर (छ.ग.)

### अंत्योदय योजना में सात किलोग्राम अनाज देने पर विचार

**नई दिल्ली।** सरकार अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के तहत प्रति व्यक्ति प्रति माह खाद्यान्न की मात्रा को सात किलोग्राम करने पर विचार कर रही है। हालांकि, इसकी अधिकतम सीमा 35 किलोग्राम ही रहेगी। इस कदम से बड़े गरीब परिवारों को लाभ होगा।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। खाद्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2026 पर 13 जुलाई तक आम लोगों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। मौजूदा कानून के तहत एएवाई परिवारों (जिन्हें सबसे गरीब श्रेणी में रखा गया है) को परिवार के आकार पर विचार किए बिना प्रति माह 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है।

### चावल व गेहूं निशुल्क वितरित किया जाता है

सरकार ने इस संशोधन को खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की व्यापक पहल का हिस्सा बताया है। इसका उद्देश्य ''मानव जीवन-चक्र दृष्टिकोण'' के तहत लोगों को किफायती दरों पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के उद्देश्यों के अनुरूप है।

प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को वर्तमान में चावल और गेहूं निःशुल्क वितरित दिया जाता है।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No. 03-05/T-01/2026-27/214 — Raipur, Dtd. 24/06/2026

**NOTICE INVITING TENDER No. T-02/2026-27**

Sealed tenders are invited from experienced contractors for:

| Sl. No. | Tender Spec. No. | Particulars | Last date for sale of tender documents | Due date of submission/ opening of tender | Tender Fee in Rs | EMD in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 03-05/T-02/2026-27 | Deployment of 1 no. Category-II Car for ACE-I, O/o CE (Project), CSPGCL, Raipur for a period 2 years on hiring basis. | 13.07.2026 | 14.07.2026 | Rs. 590/- (including GST @ 18%) Non Refundable | Rs. 11,000/- Refundable |

**Note: Vehicle should not be older than 3 years or having total run not exceeding 60,000 Km.**

**TERMS & CONDITIONS: -** 01.Tender documents may be obtained from the office of the undersigned, by depositing tender fee through RTGS/NEFT in the Current A/c No. 0399002100077680, Punjab National Bank, Main Branch Raipur, IFSC Code No.–PUNB0039900, A/c Holder Name-A.M.(CAU), CSPGCL, Raipur, on any working day up to **15:30 Hrs.** of last date of sale of tender documents. Tender documents are not transferable.

02.For other details, please visit our website **https://cspc.co.in/cspgcl_tendernotices/CSPGCL_Tender.aspx?paramflag=1**

SAVE ELECTRICITY

Superintending Engineer
O/o Chief Engineer (Project)CSPGCL, Raipur

**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**

क्र. 456/विकास/2026 — रायपुर, दिनांक 24/06/2026

**// दावा आपत्ति सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के उपयोग हेतु AMC/Repair/क्रय के निम्नलिखित साम्पत्तिक प्रवृत्ति (Proprietary Article) की श्रेणी के अंतर्गत क्रय किया जा रहा है :-

1. Quantum Yield and Temperature Dependence Photoluminescence attachment for Shimadzu RF 5301PC
2. FTIR & Spectroflourophotometer Equipment
3. DSC-TGA Equipment
4. D2 PHASER (XRD) Equipment
5. CDRS Suppressor for Ion Chromatography (Thermo Fisher Scientific India Pvt. Ltd.)

साम्पत्तिक क्रय की श्रेणी के अंतर्गत क्रय के संबंध में किसी निर्माता कंपनी को यदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक 21/07/2026 तक मयसुसंगत दस्तावेज विकास विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) में प्रस्तुत करें। दिनांक 21/07/2026 के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsu.ac.in में उपलब्ध है।

S-48286/1 — कुलसचिव

**राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय**
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था)
नई दिल्ली

**प्रविष्टियों के लिए आमंत्रण**

**26 वां भारत रंग महोत्सव, 2027**
**(भारत का अंतर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव)**

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय 26 वें भारत रंग महोत्सव 2027- भारत का अंतर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव (विश्व का सबसे बड़ा नाट्य महोत्सव) में भागीदारी के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है जो जनवरी, 2027 में नई दिल्ली और देश के अन्य शहरों तथा विदेश में आयोजित किया जाएगा।भारत और विदेश दोनों के इच्छुक नाट्य समूहों, नाट्य संस्थानों, ड्रामा कंपनियों तथा नाट्य निर्देशकों से केवल ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र के लिए दिनांक 27 जून 2026 से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की वेबसाइट www.nsd.gov.in. पर जाएँ।

**आवेदन भरने की अंतिम तिथि 27 अगस्त, 2026.**

***आवेदन शुल्क -**
*भारत एवं सार्क देशों के लिए: ₹250/-
*अन्य देशों के लिए: ₹500/-

**पूछताछ :** फोन : 011- 23073647, 011- 23031116
वेबसाइट : www.nsd.gov.in
CBC 09130/11/0004/2627

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 23/SE E/M/ (II Call) System Tender No.194106 Registered contractor class in "C" & above For Form B (Item Rate Basis) | Providing Shifting of LT Line, 11KV Line, 11 KV DP, 33KV Line and Transformer DP for Road widening from K.M. 50 to 57 of NH-30 Road Under District Kabirdham (C.G.) | Rs 151.60 Lacs |
| 24/SE E/M/2025 (II Call) System Tender No.194107 egistered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate Basis) | PROVIDING ELECTRIFICATION WORK TO G-TYPE (2Nos), H- TYPE (2Nos), I-TYPE (5Nos) TOTAL 09Nos QTR AT MOHLA DISTRICT CHOWKI MOHLA-MANPUR-AMBAGARH (C.G.) | Rs 10.72 Lacs |
| 25/SE E/M/ (II Call) System Tender No.194104 egistered contractor class in "C" & above For Form B (Item Rate Basis) | LINE SHIFTING OF LT LINE, 11 KV LINE, 11 KV DP, TRANSFORMER AND 33 LINE AND DP AT SMRITI NAGAR PETROL PUMP TO I.I.T JEWARA SIRSA FOUR LANE ROAD LENGTH 2.30 KM, DISTT- DURG (C.G.) | Rs 102.32 Lacs |
| 10/SE E/M/ (III Call) System Tender No.194103 egistered contractor class in "D" & above For Form B (Item Rate Basis) | SHIFTING & HEIGHT RAISING OF LT/11KV/33KV OVERHEAD LINE INCLUDING TRANSFORMER & DP FOR ROAD WIDENING WORK OF SUKHARI- JHINKA-DIWANBHEDI ROAD FROM KM 1/2 TO KM 5/2 (4.20 KM), DISTRICT RAJNANDGAON (C.G.) | Rs 23.89 Lacs |

Date of bid submission 09-07-2026 The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

G-262701730/6

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सुकमा, छ.ग.**
(जिला, जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला- सुकमा)

**"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना"**

**नि.क्र. 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08 एवं 09/ नि.प्र./ जे जे एम/ डी.डब्ल्यू.एस.एम./लो.स्वा.यां.ख./ सुकमा**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनांतर्गत निर्धारित शेडयूल अनुसार पाईपलाईन विस्तार, उच्च स्तरीय जलटंकी निर्माण, घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय आदि कार्यों हेतु प्रपत्र "ए" मेंऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती है -

| स. क्र. | निविदा क्रमांक / सिस्टम क्रमांक | लागत (लाख में) | ग्राम / विकासखण्ड / रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 10/191892 | 58.75 | बण्डा / कोण्टा / द्वितीय निविदा |
| 2 | 11/193756 | 22.60 | मुरलीगुड़ा / कोण्टा / द्वितीय निविदा |
| 3 | 12/193757 | 33.75 | तेमेलवाड़ा / कोण्टा / द्वितीय निविदा |
| 4 | 13/193758 | 22.30 | पोरोकोण्डासॉवली/ कोण्टा/ द्वितीय निविदा |

**नोट :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जासकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 01.07.2026 तक है ।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सुकमा

G- 262701718/2

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल प्रबंध संभाग क्र.-1, रायपुर, (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 13/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 11.12.2025 सिस्टम निविदा क्र. 181450 द्वारा **"रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा के ग्राम मुरेठी में लोकल नाले पर स्टापडेम निर्माण कार्य"** (प्रथम आमंत्रण) राशि रू. 180.56 लाख की निविदा आमंत्रित की गयी थी, संबंधित निविदा में न्यूनतम निविदाकार द्वारा अनुबंध नहीं करने के कारण निविदा निरस्त किया जाता हैं।

अतः आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक 181450 निविदा सूचना क्रमांक 13/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 11.12.2025 (G-No 252605425 Dated 12.12.2025) को एतद द्वारा निरस्त की जाती हैं।

सहपत्र- शून्य
G-262701733/4

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग क्र.-1,
रायपुर (छ.ग.)

# विनीसियस के दो गोल से स्कॉटलैंड को हराकर ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा ब्राज़ील



**मियामी गार्डन्स।** विनीसियस जूनियर ने अपना जादुई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल किए जबकि मैथियास कुन्हा ने भी एक गोल दागा जिससे पांच बार के चैंपियन ब्राजील ने बुधवार को स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। ब्राजील ग्रुप सी में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक हासिल किए। मोरक्को ने भी सात अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया लेकिन वह गोल अंतर के कारण ब्राजील के बाद दूसरे नंबर पर रहा। स्कॉटलैंड के तीन अंक हैं और वह तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ आठ टीम में जगह बनाकर अब भी अगले दौर में पहुंच सकता है। ज्ञात हो कि स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार विश्व कप में खेल रहा है। वह विश्व कप में कुल मिलाकर नौ बार भाग ले चुका है लेकिन कभी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया है।

## विनीसियस ने तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए

विनीसियस ने ब्राजील के तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए। स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सातवें मिनट में और फिर हाफ टाइम से ठीक पहले इंजरी टाइम में गोल किया। कुन्हा ने 60वें मिनट में गोल दागा। विनीसियस वर्तमान टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे के चार गोल की बराबरी पर आ गए। अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अभी तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल किए हैं।

# ग्रुप बी में टॉप पर रहा स्विट्ज़रलैंड हारकर भी कनाडा नॉकआउट राउंड में

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

रुबेन वर्गास और योहान मंजांबी के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल किया। कनाडा इस मैच में हार के बावजूद स्विट्जरलैंड के साथ अगले दौर में पहुंचने में सफल रहा। प्रॉमिस डेविड ने कनाडा के लिए मैच के आखिर में एक गोल किया।

इससे कनाडा ने ग्रुप बी में स्विट्जरलैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। उसने पहली बार नॉकआउट राउंड में जगह बनाई। स्विट्जरलैंड दो जुलाई को वैंकूवर में राउंड ऑफ 32 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना करेगा। स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहा, जबकि कनाडा ने चार अंक हासिल किए। बोस्निया-हर्ज़ेगोविना ने भी चार अंक हासिल किए लेकिन वह गोल अंतर के कारण तीसरे स्थान पर रहा।



## ग्रुप बी में बोस्निया से हारकर कतर टूर्नामेंट से बाहर

ग्रुप बी के दूसरे मैच में बोस्निया ने कतर को 3-1 से हराया और तीसरे स्थान के आधार पर अगले दौर में पहुंच सकता है। कतर टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। विश्व कप की शुरुआत में स्विट्जरलैंड कतर के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद उसने बोस्निया को हराया।विश्व कप में तीसरी बार हिस्सा ले रहे कनाडा ने बोस्निया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप की शुरुआत की थी।

## स्थानापन्न खिलाड़ी मंजांबी का बेहतरीन प्रदर्शन

बोस्निया के खिलाफ स्विट्जरलैंड की 4-1 की जीत में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मंजांबी ने कनाडा के खिलाफ शुरुआती एकादश में जगह बनाई। दूसरे हाफ के शुरू होने के लगभग 40 सेकंड बाद ही वर्गास ने स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागा। उनका शॉट कनाडा के गोलकीपर मैक्सिम क्रेपेउ को चकमा देते हुए पोस्ट से टकराया और नेट में जा गिरा। इसके बाद 57वें मिनट में ब्रील एम्बोलो ने मंजांबी को क्रॉस दिया, जिनका शॉट क्रेपेउ के हाथों से निकलकर गोल में चला गया और स्विस टीम को 2-0 की बढ़त मिल गई। कनाडा ने 76वें मिनट में एक गोल करके वापसी की। डेविड ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर आने के लगभग एक मिनट बाद ही वॉली शॉट से गोल दाग दिया। पहले हाफ के 42वें मिनट में अली अहमद ने कनाडा की ओर से गोल करने का एक बेहतरीन प्रयास किया, लेकिन स्विट्जरलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल ने उसे नाकाम कर दिया।

# मोरक्को की हैती पर जीत में चमके रहीमी और यासीन



**अटलांटा।** सोफियान रहीमी और गेसिम यासीन ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरकर शानदार खेल दिखाया जिससे मोरक्को ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हैती को 4-2 से हराकर कैरेबियाई देश की विश्व कप फुटबॉल में पहली बार अंक हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मोरक्को इस तरह से ब्राजील के समान सात अंक लेकर ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल करके नॉकआउट राउंड में पहुंचा। ब्राजील ने बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। हैती ने अपने तीनों मैच गंवाए और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। पांच बार की चैंपियन ब्राजील ने एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया।

## मोरक्को ने पिछड़ने के बाद की वापसी

चार साल पहले कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनी मोरक्को ने 52 वर्षों में पहली बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर खेल रही हैती की टीम के खिलाफ दो बार पिछड़ने के बाद वापसी की। रहीमी ने 78वें मिनट में मोरक्को को 3-2 से आगे कर दिया और यासीन ने 89वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-2 कर उलटफेर की किसी भी संभावना को खत्म कर दिया।

# दक्षिण कोरिया को हराकर पहली बार नॉकआउट राउंड में पहुंचा द.अफ्रीका



**ग्वाडालूप (मैक्सिको)।** थापेलो मासेको के गोल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार रात को दक्षिण कोरिया पर 1-0 से रोमांचक जीत हासिल करके पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मासेको ने त्शेपांग मोरेमी के सटीक क्रॉस पर 63वें मिनट में गोल किया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप ए में मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर रहा। मैक्सिको ने ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को नॉकआउट मुकाबले में कैलिफोर्निया के इंगलवुड में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली कनाडा की टीम से भिड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका 1998, 2002 में और मेजबान के रूप में 2010 में ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में असफल रहा था।

# कतर के असीम मदीबो पर पांच मैच का प्रतिबंध




**अटलांटा।** कतर के खिलाड़ी असीम मदीबो पर विश्व कप में कनाडा के मिडफील्डर इस्माइल कोने के पांव में फ्रैक्चर करने के लिए बुधवार को पांच मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया। वैंकूवर में पिछले बृहस्पतिवार को खेले गए मैच के दौरान यह घटना घटी। कनाडा ने इस मैच में कतर को 6-0 से करारी शिकस्त दी थी। मदीबो को गलत तरीके से टैकल करने के लिए तुरंत ही लाल कार्ड दिखाया गया था। फीफा की अनुशासनात्मक समिति ने अब उनका प्रतिबंध पांच मैच तक बढ़ा दिया है। समिति ने कहा है कि ऐसा अनुचित खेल के लिए किया गया है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जा सकती है।






# मैक्सिको ने पहली बार जीते ग्रुप चरण के तीनों मैच

**मैक्सिको सिटी।** माटेओ शावेज़ और जूलियन क्विनोन्स ने दूसरे हाफ की शुरुआत में छह मिनट के अंतराल में गोल किए जिससे मैक्सिको ने चेक गणराज्य को 3-0 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। मैक्सिको पहले ही नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुका था लेकिन उसने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शान से अगले दौर में कदम रखा। चेक गणराज्य केवल एक अंक ही हासिल कर पाया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया। अपने पहले विश्व कप में खेल रहे 22 वर्षीय शावेज़ ने 55वें मिनट में पहला गोल किया और क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागा। अल्वारो फिडाल्गो ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में मैक्सिको के खाते में एक गोल और जोड़ा। मैक्सिको का इससे पहले ग्रुप चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का था, जो उसने 1986 और 2002 में हासिल किया था। ग्रुप ए का विजेता बन चुका मैक्सिको मंगलवार को एज़्टेका स्टेडियम में राउंड-ऑफ-32 के मैच में एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलेगा जिसका अभी तक निर्धारण नहीं हुआ है।



## मैक्सिको के युवा और बुजुर्ग दोनों खेले

इस मैच में मैक्सिको के अतीत और भविष्य दोनों की झलक देखने को मिली। गिलबर्टो मोरा 17 साल की उम्र में विश्व कप में शुरुआती लाइनअप में जगह बनाने वाले मैक्सिको के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। दूसरी तरफ 40 वर्षीय गोलकीपर गुइलेर्मो 'मेमो' ओचोआ 77वें मिनट में मैदान पर उतरे और अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ छह विश्व कप में खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए।

## खबर संक्षेप



### फीफा ट्रॉफी की कीमत चार साल में दोगुने से अधिक

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर खेल जगत की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर भी दिखाई दे रहा है जहां फीफा विश्व कप ट्रॉफी में मौजूद सोने का मूल्य बढ़कर लगभग 7.13 लाख डॉलर ( लगभग 6.73 करोड़ रुपये) पहुंच गया है। वित्तीय बाजार डेटा प्रदाता एलएसईजी के मुताबिक यह आंकड़ा 2022 विश्व कप के समय की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। विश्व कप ट्रॉफी 18 कैरेट सोने से निर्मित है और इसका कुल वजन 6.175 किलोग्राम है जिसमें लगभग 4.93 किलोग्राम शुद्ध सोना शामिल है। जब अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में आयोजित विश्व कप जीता था तब ट्रॉफी के सोने का मूल्य लगभग 2.77 लाख डॉलर आंका गया था।

### कोच राष्ट्रीय रिकॉर्ड पर ध्यान देने को कहते हैं: देव

**भुवनेश्वर।** मध्य प्रदेश के पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव मीना ने पिछले दो वर्षों में पांचवीं बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है और उन्होंने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय अपने कोच को दिया जो उनसे हर प्रतियोगिता में अपना स्तर बढ़ाने के लिए कहते थे।



बुधवार को यहां राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देव ने 5.46 मीटर की ऊंचाई पार करके अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (5.45 मीटर) तोड़ा। पिछला रिकॉर्ड उन्होंने बीते महीने रांची में फेडरेशन कप के दौरान अपने राज्य के साथी और ट्रेनिंग साझेदार कुलदीप कुमार के साथ साझा किया था। देव ने कहा, ''मैं राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने का श्रेय अपने कोच (घनश्याम यादव) को देना चाहता हूं। जब भी मैं किसी प्रतियोगिता में जाता हूं तो वह मुझे नेशनल रिकॉर्ड पर ध्यान देने के लिए कहते हैं।''

# आयरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच आज वैभव होंगे टीम में तो कौन होगा बाहर ?

एजेंसी ▶▶| बेलफास्ट

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत जब आयरलैंड के खिलाफ आज शुक्रवार को शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने नए युग की शुरुआत करेगा तो उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती क्रिकेट जगत की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में फिट करना होगा।

15 वर्षीय सूर्यवंशी ने श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 29 गेंद पर 94 रन की तूफानी पारी खेली थी जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।



आम क्रिकेट प्रेमी यही चाहता है कि सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिले लेकिन टीम प्रबंधन के लिए यह काम आसान नहीं होगा। भारत और आयरलैंड के बीच ये मुकाबला आज 26 जून को बेलफास्ट के सिविल सर्विस क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे से शुरू होगा।

**भारत के शीर्ष क्रम बल्लेबाजों में ये शामिल**

भारत के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन हैं। उनके टी20 रिकॉर्ड को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मार्च में आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली जीत में सैमसन, अभिषेक और किशन ने अर्धशतक बनाए थे।

# महिला टी-20 विश्व कप 2026 : शेफाली ने जड़ा अर्धशतक, भारत ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी-20 विश्व कप 2026 के 23वें मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हरा दिया। इस टूर्नामेंट में उनकी तीसरी जीत रही। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान और नीदरलैंड को हराया था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी मैच में उसे 6 विकेट से हार मिली थी। बांग्लादेश ने टूर्नामेंट में दूसरी हार झेली है। उसने पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की थी। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 136/8 का स्कोर बनाया। जुइरिया फिरदौस ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। भारत के लिए राधा यादव ने 3 और श्री चरणी ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में शेफाली वर्मा (53) और जेमिमा रोड्रिगेज (26) की पारियों की मदद से भारतीय टीम ने 16.5 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यास्तिका भाटिया ने 23 रन की पारी खेली। रितु मोनी ने बांग्लादेश के लिए 2 विकेट लिए।



**श्री चरणी ने रचा इतिहास**

श्री चरणी महिला टी-20 विश्व कप में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट (12) लेने वाली गेंदबाज बन गईं हैं। श्री चरणी ने पूनम यादव के 10 विकेट का रिकॉर्ड तोड़ा।

## आकाश दीप ने अक्षिता संग लिए सात फेरे...



*नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर आकाश दीप और अक्षिता राज की शादी वाराणसी के एक फाइव स्टार होटल में हुई, जिसमें कई क्रिकेटरों सहित मशहूर कलाकारों और नामचीन हस्तियों ने शिरकत की। आकाश दीप की पत्नी अक्षिता राज बिहार के ही रोहतास जिले के मणिकपुर की रहने वाली हैं। अक्षिता ने बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीसीए और एमसीए की डिग्री हासिल की है।*

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम दौरे पर जाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम अगले महीने बेल्जियम के दौरे पर जाएगी जहां वह मेजबान बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ छह मैच खेलेगी।

यह दौरा टीम के नए कोच फ्रेडरिक सोयेज के मार्गदर्शन में इस साल के आखिर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप की तैयारी का अहम हिस्सा होगा। इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रिया और बेल्जियम के खिलाफ दो-दो मैच और जर्मनी तथा नीदरलैंड के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। सात से 17 जुलाई 2026 के बीच खेले जाने वाले इन छह में से पांच मैच बेल्जियम के वावरे में स्थित बेल्फियस हॉकी एरिना में होंगे जबकि नीदरलैंड के खिलाफ दौरे का आखिरी मैच एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा।



## यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

# तन्वी और श्रीकांत यूएस ओपन के अगले दौर में



एजेंसी ▶▶| फुलर्टन (अमेरिका)

विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने आसान जीत के साथ यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। तन्वी ने बुधवार को महिला एकल के पहले दौर में जर्मनी की यवोन ली को 23-21, 21-16 से, जबकि थाईलैंड मास्टर्स की मौजूदा चैंपियन देविका सिहाग ने पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो को 21-14, 21-14 से हराया।

## अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

पुरुष एकल में भारतीय खिलाड़ियों के बीच खेले गए मैच में रौनक चौहान ने एस शंकर मुथुसामी को 23-21, 21-16 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने भी हमवतन डी सानीथ के खिलाफ केवल 30 मिनट में 21-14, 21-12 से जीत हासिल की। महिला एकल में रक्षिता श्री ने भी चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा पर 21-15, 21-8 से आसान जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया। ध्रुव रावत और के मनीषा की जोड़ी ने मिश्रित युगल में इंडोनेशिया के विरावण इहसान आदम और सेरेना कानी को महज 26 मिनट में 21-15, 21-16 से हराया।


## एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में टीम का शानदार प्रदर्शन

# भारतीय पुरुष फ़ॉइल टीम ने एशियन गेम्स के लिए किया क्वालिफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में भारतीय पुरुष फ़ॉइल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स के लिए सीधा क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया। टीम प्रतियोगिता में भारत आठवें स्थान पर रहा, जो आगामी एशियाई खेलों में जगह बनाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ।

**पुरुष फ़ॉइल टीम ने दिलाया क्वालिफिकेशन :** सचिन, सनासम हेमाश सिंह, तेजस मनोज पाटिल और आदित्य की भारतीय चौकड़ी ने पुरुष फ़ॉइल टीम स्पर्धा में आठवां स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशियन गेम्स के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया, जो भारतीय तलवारबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।



### महिला एपी टीम नौवें स्थान पर रही

*महिला एपी टीम में प्राची लोहान, तनिष्का खत्री, मितवा जेसंगभाई चौधरी और यशकीरत कौर हायर शामिल थीं। भारतीय टीम ने प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन करते हुए नौवां स्थान हासिल किया।*

***जापान और दक्षिण कोरिया का दबदबा :*** *पुरुष फ़ॉइल टीम स्पर्धा में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हांगकांग को रजत और चीन को कांस्य पदक मिला। वहीं महिला एपी टीम प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन दूसरे और कजाकिस्तान तीसरे स्थान पर रहा।*

### ओलंपिक चैंपियनों ने भी बिखेरा जलवा

दक्षिण कोरिया के ओलंपिक चैंपियन ओह सांग-उक ने पुरुष व्यक्तिगत और टीम सेबर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर, हांगकांग के दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेउंग का लॉन्ग पुरुष फ़ॉइल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए, जो टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर रहा।

**34 देशों के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा :** छह दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 34 से अधिक देशों के 400 से ज्यादा तलवारबाजों ने फ़ॉइल, एपी और सेबर स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। जापान ने छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
Eye Strain
Eye Dryness
Eye Tiredness
Eye Freshness
Eye Cleanliness
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
Clinically Tested*
24x7 Helpline: 8196822222
www.eyemantra.com
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS


आँखों की थकान
दूर करने का
आसान समाधान
प्रयोग विधिः
2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या
चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।


# अंतरिक्ष में भारत-चीन की परीक्षा! कल आ रहा विशाल एस्टेरॉयड

बीजिंग। शनिवार को एक विशाल एस्टेरॉयड पृथ्वी के करीब से गुजरने वाला है। इसकी जानकारी यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने बुधवार को दी। उसने बताया कि इस एस्टेरॉयड से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। फिर भी भारत के, चीन की सीएनएसए, अमेरिका की नासा और दूसरे देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां इस एस्टेरॉयड पर नजर बनाई हुई हैं। बड़ी बात यह है कि मौसम साफ रहने पर अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि रखने वाले लोग इस एस्टेरॉयड को छोटे टेलिस्कोप या बड़ी दूरबीन से आसानी से देख सकेंगे।

## इसरो और सीएनएसए की नजरें

### गुजरने का समय और तारीख

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, इस एस्टेरॉयड का नाम (152637) 1997 एनसी1 है। यह एस्टेरॉयड शनिवार को 11:14 जीएमटी (भारतीय समयानुसार शाम 4:44 पर पृथ्वी के सबसे नजदीक आएगा। इस दौरान एस्टेरॉयड (152637) 1997 एनसी1 और पृथ्वी के बीच की दूरी लगभग 2,560,000 किलोमीटर होगी। यह पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से छह गुना से भी ज्यादा है।



### कैसे देखें?

ईएसए के प्लैनेटरी डिफेंस ऑफिस के जुआन लुइस कैनो ने एक बयान में कहा, 'इस आकार की किसी वस्तु का पृथ्वी के इतने करीब आना कुछ ही वर्षों में एक बार होता है। हालांकि, इस बार सबसे करीब आने के समय, पास में मौजूद चमकीला चंद्रमा इसे देखने में बाधा डाल सकता है।' जिन लोगों के पास टेलिस्कोप या दूरबीन है, वे इसे उत्तरी गोलार्ध के कुछ हिस्सों में इसके करीब आते समय देख सकेंगे। हालांकि, पृथ्वी के पास से गुजरते समय इसे लगभग हर जगह से देखा जा सकेगा।

### गति कितनी है?

पृथ्वी के करीब से गुजरने के दौरान (152637) 1997 एनसी1 एस्टेरॉयड की गति लगभग नौ किलोमीटर प्रति सेकंड की होगी। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इससे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना को पहले ही खारिज कर दिया है। एस्टेरॉयड (152637) 1997 एनसी 1 की खोज 1997 में की गई थी।



### आकार क्या है?

इस एस्टेरॉयड के आकार का अनुमान, उससे परावर्तित होने वाली सूरज की रोशनी के आधार पर लगाया गया है। इसके अनुसार, यह 750 से 1,650 मीटर चौड़ा हो सकता है। हालांकि, ईएसए ने एक बयान में कहा कि अन्य अनुमानों के अनुसार यह इससे छोटा भी हो सकता है।

# दुनिया का इकलौता पेड़, जहां उगते हैं पैसे

## इस अनोखे मनी ट्री को देखने दूर-दूर से आते हैं लोग!

लंदन। यूनाइटेड किंगडम में मौजूद एक अनोखा 'मनी ट्री' दुनियाभर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां पेड़ में हजारों सिक्के जड़े हुए दिखाई देते हैं। मान्यता है कि इस पेड़ पर सिक्का लगाने से मनोकामनाएं पूरी होती है। बचपन में जब भी हम खिलौना, वीडियो गेम या कोई महंगी चीज खरीदने की जिद करते थे, तो मम्मी-पापा का सामने से एक ही डायलॉग आता था- 'क्या पैसे पेड़ पर उगते हैं?' उस वक्त ये बात सुनकर भले ही बुरा लगता हो, लेकिन जरा सोचिए अगर सच में कोई ऐसा पेड़ हो, जिस पर पैसे लगे हों तो? सुनने में यह किसी फैंटेसी फिल्म या जादुई कहानी जैसा लगता है, लेकिन दुनिया में एक ऐसा पेड़ सचमुच मौजूद है जिसे लोग जिस पेड़ पर फल नहीं पैसे उगते हैं, और लोग उसे 'मनी ट्री' के नाम से जानते हैं।



### डर और रहस्य से भी जुड़ी हैं कहानियां

जहां कुछ लोग इस पेड़ को शुभ मानते हैं, वहीं कई लोग इसे रहस्यमयी और डरावना भी बताते हैं। स्थानीय लोगों के बीच ऐसी कहानियां भी प्रचलित हैं कि इस पेड़ पर आत्माओं का वास है और सिक्के उन्हें शांत करने के लिए लगाए जाते है। हालांकि, इन बातों का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, लेकिन ऐसी कहानियां इस पेड़ को और भी दिलचस्प बना देती है।

### आखिर क्यों चिपकाते हैं लोग सिक्के?

इस पेड़ से कई तरह की मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यहां सिक्का लगाने से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती है। वहीं, कई प्रेमी जोड़े इस पेड़ के पास आकर सिक्के लगाते हैं, क्योंकि उनका विश्वास है कि इससे उनके रिश्ते मजबूत होते हैं और शादी में आने वाली परेशानियां दूर हो जाती है। कुछ लोग इसे सौभाग्य का प्रतीक मानते हैं, तो कुछ इसे आध्यात्मिक शक्ति से जुड़ा हुआ बताते हैं। हालांकि, हर व्यक्ति की अपनी अलग सोच है, लेकिन इस पेड़ के प्रति लोगों की आस्था सालों से बनी हुई है।

### दुनियाभर के सिक्कों से भरा है पेड़

सबसे हैरानी वाली बात यह है कि इस पेड़ पर सिर्फ ब्रिटेन ही नहीं, बल्कि कई देशों के सिक्के लगे हुए है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि



इसकी लोकप्रियता पूरी दुनिया में फैली हुई है। पर्यटक यहां आते हैं, अपनी इच्छा मांगते हैं और पेड़ में सिक्का फंसा देते हैं। बताया जाता है कि इस पेड़ में कुछ लगभग 1700 साल पुराने सिक्के भी लगाए गए हैं। यही वजह है कि यह पेड़ सिर्फ एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि लोगों की आस्था, कहानियों और जिज्ञासा का हिस्सा बन चुका है। आज के समय में यह पेड़ सोशल मीडिया पर कभी-कभी वायरल होता रहता है। लोग इसके वीडियो और तस्वीरें शेयर करते हैं और इसकी अनोखी कहानी सुनकर हैरान रह जाते हैं। कई लोग इसे दुनिया के सबसे अजीब और दिलचस्प पेड़ों में से एक मानते है।

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.



5 crore+ HAPPY CUSTOMERS
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. World's largest Two-wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: SIAM Certificate. ^Finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Limited period offer, T&C apply. Green Bonus is applicable to Pan India on select Hero Products and Bonus amount may vary as per model/variant. Internal bench marking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ DRUM BRAKE OBD2B in Chhattisgarh. ^T&C apply.
TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलौदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भानपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभोरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहूजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, डूगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः मॉं सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, इरपिनार- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहरा पदरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुड़कुड़ः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, तालेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः मॉं भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com